संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -170 सोमवार, 22 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये


# अरविंद को जेल में मारने की साजिशःसुनीता

» आप का आरोप-दिल्ली सीएम को इंसुलिन नहीं दी जा रही

» आतिशी इंसुलिन लेकर जेल पहुंचीं...

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा...केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में आईएनडीआईए की रैली को संबोधित कर रही थीं।

इधर, तिहाड़ जेल के डीजी संजय बेनीवाल ने शनिवार 20 अप्रैल को ए आई आई एम एस को चिट्ठी लिखी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक सीनियर डाइबिटोलॉजिस्ट अपॉइंट करने को कहा गया है। इस लेटर को आम आदमी पार्टी ने भी रविवार (21 अप्रैल) को शेयर किया।

इस बीच,रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी तिहाड़ जेल के सामने इंसुलिन लेकर पहुंचीं। उन्होंने केंद्र सरकार को ब्रिटिश राज से ज्यादा क्रूर बताया। इससे पहले आतिशी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार केजरीवाल को मारने की साजिश कर रही है।

अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। 18 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट से अपने डॉक्टर से सलाह लेने और इंसुलिन की मांग वाली याचिका लगाई थी, जिस पर 22 अप्रैल को फैसला आना है।




### सुनीता केजरीवाल की अपील पर करवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की अपील पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस करवाई। इसमें अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर के अलावा तिहाड़ के चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद थे। एक जेल अधिकारी ने बताया कि 40 मिनट की सलाह के बाद केजरीवाल को आश्वासन दिया गया कि कोई गंभीर चिंता नहीं है। उन्हें दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई। इसकी रेगुलर जांच की जाएगी।

एआई आई एमएस विशेषज्ञ को सीजीएम (ग्लूकोज मॉनिटरिंग सेंसर) का पूरा रिकॉर्ड, केजरीवाल का फूड चार्ट और दवाओं की डिटेल दी गई थी। जेल अधिकारी का कहना है कि इंसुलिन का मुद्दा केजरीवाल ने नहीं उठाया था और न ही डॉक्टरों ने इसका सुझाव दिया था।

### 4 पॉइंट्स में समझें केजरीवाल की डायबिटीज का मामला

- केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वे शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 20 दिन से बंद हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। साथ ही उन्हें घर का खाना खाने की परमिशन भी दी है।
- 18 अप्रैल को केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है।
- इसके जवाब में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है।
- राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। अब उनकी इंसुलिन और डॉक्टर से परामर्श की अपील पर आज फैसला आएगा।

## सरकार का झूठ उजागर हो गया हैःसौरभ



आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि तिहाड़ जेल की रिपोर्ट झूठ का पुलिंदा है। सबसे पहले केजरीवाल की शुगर को बेतरतीब ढंग से मापा गया। जब भी शुगर लेवल कम हुआ है, रिपोर्ट में केवल वही रिकॉर्ड है। ये अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश है। अरविंद केजरीवाल बार-बार जेल प्रशासन से इंसुलिन मांग रहे हैं, लेकिन वे इसे देने के लिए तैयार नहीं हैं।केंद्र सरकार कहती रही कि केजरीवाल की देखभाल के लिए जेल में एक विशेषज्ञ मौजूद है। तिहाड़ डीजी के एम्स को डायबिटोलॉजिस्ट भेजने के लिए चिट्ठी लिखने के बाद उनका झूठ उजागर हो गया है।

## जेल आने से महीनों पहले छोड़ दी थी इंसुलिन

तिहाड़ के अफसर ने शनिवार 20 अप्रैल को दावा किया कि केजरीवाल जेल आने के महीनों पहले इंसुलिन लेना बंद कर चुके थे। वे (केजरीवाल) सामान्य एंटी-डायबिटीज दवा मेटफॉर्मिन खाते हैं। ये रिपोर्ट दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी गई है। तिहाड़ जेल ने दिल्ली के मंत्री आतिशी के बयान के बाद ये जवाब दिया है।आतिशी ने कहा था- भाजपा के इशारे पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। केजरीवाल 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं। तिहाड़ प्रशासन को उन्हें इंसुलिन देने में आखिर क्या समस्या है? आतिशी ने ये भी कहा था कि केजरीवाल जेल जाने से पहले से रोज 50 यूनिट इंसुलिन लेते हैं।



## मणिपुर में आज दोबारा होगी वोटिंग

### 11 मतदान केंद्रों में पड़ेंगे वोट, चुनाव में हुई थी... हिंसा-गोलीबारी

**मणिपुर,21 अप्रैल 2024(ए)।** यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने घोषणा की है कि मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग की जाएगी। 22 अप्रैल को दोबारा मतदान कराया जायेगा। बता दें, निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग को अमान्य घोषित करने और दोबारा से मतदान कराने को कहा था, इसके बाद ही ये फैसला आया है।

मणिपुर निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यहां के खुरई निर्वाचन क्षेत्र के मोइरंगकम्पु साजेब और थोंगम लीकाई, क्षेत्रीगाओ के 4, इंफाल पूर्वी जिले के थोंगजू में 1, उरीपोक में 3 और इंफाल पश्चिम जिले के कोंथौजम में 1 मतदान केंद्रों पर दोबारा से वोट डाले जाएंगे।

# सरकार को रेवड़ियों पर श्वेत पत्र लाने की जरूरत

» आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने सरकार को दी यह राय

» भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर की सरकार को राय

» पीएम के नेतृत्व में राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति का हो प्रयास

» राजनीतिक दलों पर कैसे अंकुश लगाया जाए,इस पर गहन बहस हो

**हैदराबाद,21 अप्रैल 2024(ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा है कि रेवड़ियों (फ्रीबीज) के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाने के लिए मोदी सरकार को श्वेत पत्र लाना चाहिए। सुब्बाराव ने कहा, इस बात पर गहन बहस होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर अंकुश कैसे लगाया जाए। जनता को इन रेवड़ियों की लागत एवं लाभों के बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए और इस बारे में लोगों को शिक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आखिरकार यह राजनीतिक मुद्दा है और इस पर राजनीतिक आम सहमति होनी चाहिए। इसका नेतृत्व केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को करना होगा। मेरा मानना है कि उन्हें एक श्वेत पत्र लाना चाहिए और इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।

रेवड़ियों की लाभ-हानियों पर लोगों को शिक्षित कीजिए सुब्बाराव ने कहा, इन रेवड़ियों की लाभ-हानियों पर लोगों को



शिक्षित कीजिए और सुनिश्चित कीजिए कि हम इस पर कैसे अंकुश लगा सकते हैं और कैसे लागू कर सकते हैं।आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि भारत जैसे गरीब देश में यह सरकार का कर्तव्य है कि वह सबसे कमजोर वर्गों को कुछ सुरक्षा प्रदान करे और आत्मनिरीक्षण करे कि राजकोषीय सीमाओं के मद्देनजर उनका दायरा कितना हो सकता है।

### रेवड़ियों पर अधिक जोरदार बहस करनी चाहिएःसुब्बाराव

उन्होंने कहा, आपको सवाल करना चाहिए कि क्या यह इस पैसे का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल है या हम कुछ बेहतर कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमें रेवड़ियों पर अधिक जानकारीपूर्ण व जोरदार बहस करनी चाहिए और यह भी जानना चाहिए कि हम राजनीतिक दलों पर कैसे कुछ अंकुश लगा सकते हैं।

### राज्यों-केंद्र को राजकोषीय अनुशासन बनाए रखना चाहिए

कुछ राज्यों द्वारा राजकोषीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) की सीमा पार करने पर उन्होंने कहा कि राज्यों और केंद्र सरकार को राजकोषीय अनुशासन बनाए रखना चाहिए और एफआरबीएम लक्ष्यों का पालन करना चाहिए। एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने एक अध्ययन किया था जिसके मुताबिक भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर लगातार बनाए रखनी होगी।

### जश्न मनाने की जरूरत नहीं

उन्होंने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि वे हमारे पास नहीं हैं, न ही हम यह कह सकते हैं कि वे सभी हमारे पास हैं। ये ऐसी चीजें हैं जिनका हमें विकास करना है। सुब्बाराव ने पूर्व में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भी भारत को एक गरीब देश कहा जा सकता है, इसलिए इसका जश्न मनाने की जरूरत नहीं है।

## नेहा को तीन माह के भीतर मिलेगा न्याय

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को दिलाया भरोसा

**हुबली (कर्नाटक),21 अप्रैल 2024(ए)।** हुबली हत्याकांड पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने कहा है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और सबूत इकट्ठा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस, हर कोई चाहता है कि नेहा के आरोपियों को सजा मिले और वह (आरोपी) पहले से ही न्यायिक हिरासत में है। उन्होंने कहा, नेहा के माता-पिता की स्थिति बहुत खराब है। उनका एकमात्र अनुरोध है कि आरोपी को जल्द से जल्द सजा मिले। वे चाहते हैं कि उसे मौत की सजा मिले... मैं सभी से अनुरोध करती हूं, कृपया उस लड़की को बदनाम न करें जो अब नहीं है और एक लड़की की हत्या करना, हर चीज का अंतिम परिणाम नहीं है। नेहा को अपने व्यक्तिगत लाभ या राजनीति के लिए इस्तेमाल न करें।



### बाल-बाल बचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री,चलते रोड शो में टूटा मंच

**भोपाल,21 अप्रैल 2024(ए)।** रविवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ हादसा होते-होते बच गया। छतरपुर में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान सीएम का मंच टूट गया। इस दौरान वो लड़खड़ाकर गिरने लगे, तभी उनके सुरक्षाकर्मियों और केंद्रीय मंत्री ने उन्हें संभाल लिया।



## एससी से रामदेव को बड़ा झटका

### टैक्स के दायरे में आया योग शिविर, पतंजलि को चुकाना होगा इतना करोड़

**नई दिल्ली,21 अप्रैल 2024 (ए)।** बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। अब उनके योग शिविर सर्विस टैक्स के दायरे में आ गए हैं। स्वामी रामदेव के योग शिविरों का आयोजन करने वाली संस्था पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को अब सर्विस टैक्स यानी सेवा शुल्क चुकाना होगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

# आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

### मारपीट के बाद जख्मों पर डाल दिया था मिर्ची पाउडर

**गुना,21 अप्रैल 2024(ए)।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में एक युवती के साथ ज्यादती करने वाले आरोपी के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। मामला गुना जिले के नानाखेड़ी इलाके का है। यहां अयान पठान नाम के युवक ने एक युवती के साथ मारपीट की थी। युवती की आंखों में भी चोट आई है। आरोपी ने युवती के शरीर के जख्मों पर मिर्ची पाउडर भी डाला।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रशासन ने रविवार को उसके अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से जमींदोज करा दिया। आरोपी ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कर रखा था। इस पर पहले नोटिस भी दिया गया था। जवाब नहीं मिला, तो प्रशासन ने मकान के उस हिस्से को तोड़ दिया, जो अतिक्रमण कर बनाया गया था।

ज्ञात हो कि युवती के साथ गुरुवार को आरोपी ने दरिंदगी की थी। झाड़ू के पिछले हिस्से से युवती की आंखों पर हमला किया था और मारपीट की थी। उसके शरीर के घाव पर उसने मिर्ची पाउडर भी डाल दिया था।

युवती के परिजन आरोपी को फांसी की सजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इस घटना पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी चिंता जताई थी। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि गुना की बेटी के साथ बर्बरता का समाचार विचलित कर देने वाला है। अपराधी को सख्त से सख्त सजा मिले, ताकि कोई हैवान हमारी बहन-बेटी के सम्मान से खिलवाड़ न कर सके।




# बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट में एनआईए को मिला ऑनलाइन हैंडलर कर्नल का लिंक

### पाकिस्तान से कनेक्शन

**बेंगलुरु,21 अप्रैल 2024 (ए)।** कर्नाटक के बेंगलुरु कैफे में हुए विस्फोट मामले में जांच एजेंसी हद्ध को ऑनलाइन हैंडलर की पहचान का क्लू मिला है। ऑनलाइन हैंडलर का कोडनेम 'कर्नल' है। अब्दुल मथीन ताहा को इस अटैक का मेन प्लानर और मुसाविर हुसैन शाजिब को हमलावर बताया जा रहा है। अधिकारियों को संदेह है कि कर्नल इन दोनों से संपर्क में था जो 2019-20 में आईएस अल-हिंद मॉड्यूल से जुड़े थे।

माना जाता है कि 'कर्नल' दक्षिण भारत में कई युवाओं के संपर्क में था। उसने क्रिप्टो-वॉलेट के जरिए धन भेजा। साथ ही धार्मिक संरचनाओं, हिंदू नेताओं और प्रमुख स्थानों पर हमले के लिए प्रेरित करने का काम किया। जानकारी के अनुसार नवंबर 2022 में मंगलुरु ऑटोरिक्शा विस्फोट के बाद कर्नल नाम के हैंडलर के बारे में जानकारी मिली। वह मध्य-पूर्व में कहीं से काम करता है। ऐसा हो सकता है कि वह अबू धाबी में हो

जांच एजेंसियां एनआईए समूह के छोटे मॉड्यूल बनाकर आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी एनआईए के साथ कर्नल की मिलीभगत से इनकार नहीं कर रही हैं। मालूम हो कि आईएसआई ने पहले भी भारत में आतंकी मॉड्यूल को ड्रग्स के गुर्गों से बढ़ावा देने का काम किया है, जैसे कि अक्टूबर में राजधानी दिल्ली में तीन आईएसआई-स्पॉन्सर्ड आईएस मॉड्यूल सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी।

### मुसाविर हुसैन शाजिब इस हमले का मास्टरमाइंड

आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने 1 मार्च के विस्फोट का मामला अपने हाथ में लिया था। बम विस्फोट के इस मामले में लगभग 10 लोग बम से घायल हुए थे। दोनों संदिग्धों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की गई है। शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला मुसाविर हुसैन शाजिब इस हमले का मास्टरमाइंड है और उसी ने इस धमाके को अंजाम दिया था।

एनआईए ने बयान में बताया, 'मुसाविर हुसैन शाजिब वह आरोपी है जिसने कैफे में आईईडी रखा था। अब्दुल मथीन ताहा विस्फोट की योजना बनाने उसे अंजाम देने और उसके बाद कानून के चंगुल से भागने का मास्टरमाइंड है।' आतंकवादी कई फर्जी नामों के साथ छिपे हुए थे और उनके पास कई फर्जी आधार कार्ड मिले है। वे न्यू दीघा में पर्यटक रिसॉर्ट के लिए बस से जाने से पहले कोलकाता के मध्य भाग में एक होटल में रुके थे।

# हेडमास्टर के यहां पाकिस्तानी पिस्तौल-चीनी ग्रेनेड

### चुनाव में गड़बड़ी फैलाना चाहते थे आतंकी

**जम्मू-कश्मीर,21 अप्रैल 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग से पहले सुरक्षाबलों ने रविवार, 21 अप्रैल को पुंछ में सुरक्षाबलों के संयुक्त अभियान में कमरुद्दीन नाम के एक ओवर ग्राउंड वर्कर के घर से विदेशी पिस्तौल, ग्रेनेड और हथगोले बरामद किए गए हैं। कमरुद्दीन एक स्कूल में हेड मास्टर है। सुराक्षाबलों का दावा है कि हथियारों की जमाखोरी लोकसभा चुनाव में गबड़बड़ी फैलाने की साजिश के तहत की गई थी। फिलहाल, सर्च ऑपरेशन अभी भी



जारी है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों को लोकसभा चुनाव में आतंकी वारदात किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद 6 सेक्टर के 39 आरआर रोमियो फोर्स ने जम्मू कश्मीर पुलिस और एसओजी पुंछ के साथ मिलकर हरि बुढ़ा में एक संयुक्त अभियान चलाया। कमरुद्दीन नाम के एक रजिस्टर्ड ओवर-ग्राउंड वर्कर के घर पर छापा मारा गया। एक साथ कई सुरक्षाबलों के जवानों को देखकर आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। सुरक्षाबलों ने स्कूल हेडमास्टर कमरुद्दीन के घर की तलाशी तो हथियारों को देखकर सभी चौंक गए। कमरुद्दीन को एक विदेशी निर्मित पिस्तौल के साथ पकड़ा गया है। उसके घर में हथगोले छिपाकर रखे गए थे। सुरक्षाबलों ने कमरुद्दीन के यहां से एक पाकिस्तानी पिस्तौल, दो चीनी ग्रेनेड बरामद किया गया है। बरामद की गई खेप का इस्तेमाल पुंछ क्षेत्र में आगामी चुनाव में गड़बड़ी करने के लिए किए जाने का संदेह है। तलाशी अभी भी जारी है।

## संपादकीय

### जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया।इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है।विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं।पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है।

# पानी का संरक्षण,पृथ्वी में जीवन का संरक्षण

### जल की एक एक बूंद जीवन के लिए बहु उपयोगी

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर छत्तीसगढ़,

को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैद्यपृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97 प्रतिशत समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है। अतः मात्र 3 प्रतिशत जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन,वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध नॉन गर्वनरमेंटल ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25 प्रतिशत जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5त्न है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1 प्रतिशत से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1 प्रतिशत से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।



# चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी



संजय गोस्वामी, मुंबई

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च क़ो माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात चरणों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा। सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल क़ो खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। . पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं। खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नज़र रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नज़र हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए,इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98.6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20.4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12.8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं.जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8 प्रतिशत पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47.15 लाख महिला मतदाता हैं और 49.7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1.5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1.82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था। बात यह है कि युवाओं में, समाज के दोनों वर्गों में भाजपा और कांग्रेस की तुलना में मतदान का अंतर बहुत अधिक था। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 साल के 44 फीसदी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को वोट दिया, जबकि 26 से 35 साल के 46 फीसदी युवाओं ने बीजेपी पर भरोसा जताया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों आयु वर्ग में 26-26 फीसदी मतदाताओं ने ब्रिटिश प्रेस पर भरोसा जताया, जबकि 28 से 30 फीसदी युवाओं ने दूसरी पार्टियों पर भरोसा जताया। लेकिन अलग युवा युवाओं के बीच कांग्रेस और बीजेपी के बीच विश्वास को लेकर कोई बड़ी बात नहीं है और यहां बताया गया है कि वे बीजेपी और नरेंद्र मोदी को क्यों पसंद करते हैं? क्योंकि वो मजबूत चेहरा के रूप में श्री नरेंद्र मोदीजी और उप्र के मुख्य मंत्री योगीजी उभरे हैं । 2019 में वोट बंटवारे से यह भी स्पष्ट हो गया कि विपक्षी दलों में बिना पेंदी के लोटा जैसा है और सभी पार्टियों के मन में प्रधानमंत्री का सपना है । चाहे युवा हों, महिलाएं हों या नए मतदाता हों, तीनों ही श्रेणियों में बीजेपी को कांग्रेस के मुकाबले बहुत ज्यादा समर्थन मिला है क्योंकि कांग्रेस परिवारवाद से ऊपर नहीं उठ रही है और जिस तरह श्री राहुल गाँधी की भाषा पब्लिक के सामने आई है वो नहीं चाहती है देश और भी संकट में जाए। इससे यह स्पष्ट होता है कि 2024 का चुनाव युवाओं और महिलाओ के कारण दिशा तय करेंगी। इस शताब्दी के पूर्वार्ध में अनुमानित जनसंख्या वृद्धि चुनौतीपूर्ण है। अनुमान के आधार पर, मध्य शताब्दी तक 9 से 10 अरब लोग होंगे। वर्तमान जनसंख्या केवल 7 अरब से कम है, जिसका अर्थ है कि इस सदी की शुरुआत से मध्य तक लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कोई विशेष मॉडलों की सापेक्ष सटीकता पर बहस कर सकता है, लेकिन वे सभी इस बात से सहमत हैं कि आने वाले दशकों में खिलाने के लिए कई और अधिक मुंह होंगे। आईटी ने मानव प्रयास के कई अन्य पहलुओं को बदल दिया है और व्यापक सामाजिक आवश्यकताओं का जवाब देने के लिए सिस्टम बनाने में मदद की है। दरअसल, परिवहन, संचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियाँ बुनियादी कार्यों को करने के लिए भी पूरी तरह से आईटी पर निर्भर हैं। हालाँकि, सूचना और इसके स्वचालित तकनीकी अवतार ने कृषि को समान स्तर पर प्रभावित नहीं किया है। कृषि का महत्व कृषि एक प्रमुख क्षेत्र है जो आधुनिक मनुष्य के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। पौधे खाद्य श्रृंखला में उत्पादक हैं, और उनके बिना, जीवन चक्र संभव नहीं होगा। कृषि उपज, हालांकि अन्य खाद्य स्रोतों की तुलना में अच्छा है या खराब ये किसान आंदोलन से नहीं किसानों के वोट तय करेंगे। किसान अपने फसलों का उपयोग कई खाद्य स्रोतों को स्वयं या उप-उत्पादों जैसे ब्रेड, पाउडर, अन्य वस्तुओं में कार्बनिक योजक आदि के माध्यम से उत्पादित करने के लिए किया जाता है। कृषि से प्राप्त उपज एक देश से दूसरे देश में व्यापार को बढ़ाती है, किसानों के लिए आय लाती है, अन्यथा बेकार पड़ी भूमि का उत्पादक उपयोग करती है,और मेज पर भोजन लाती है। यह हर किसी के दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालांकि इसे प्रत्यक्ष कारक के रूप में नहीं देखा जा सकता है क्योंकि उपज उन सभी के हाथों तक पहुंचने से पहले एक लंबा रास्ता तय करती है जो इससे लाभान्वित होते हैं। भारतीय कृषि भारत की जीडीपी में 18.6 प्रतिशत का योगदान देती है और लगभग 59 प्रतिशत भारतीय कृषि क्षेत्र से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। समाज के लिए इसके महत्व के कारण, इसे समय के साथ विकसित होना चाहिए और आधुनिक लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए समायोजित होना चाहिए। कृषि प्रगति को बेहतर बनाने में मदद के लिए आईटी को अपनाने और उसका उपयोग करने से, इन क्षेत्रों के मिलन से सभी को लाभ होता है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में हमारे राज्य ने पिछले पांच वर्षों में चौथी बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण पुरस्कार जीता है। यह किसानों और अन्य हितधारकों के लिए प्रौद्योगिकियों की मदद से अधिक रुचि लेने का उदाहरण स्थापित करता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल को युवाओं और महिलाओं को अपने गुस्से से रुलाना होगा। उन एजेंडों को चुनाव घोषणापत्रों में इस तरह रखना होगा कि युवा मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके. बीजेपी जहां 370 और 400 की बात कर रही है, वहीं पश्चिम बंगाल, वेस्ट व साउथ में एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत नहीं हैं. वह बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का ही लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं. पिछले कुछ सालों से सत्ताधारी पार्टियां ने जनाधार खोकर फिर बापसी भी की है जहाँ उन्होंने कर्नाटका और हिमाचल खोया वहीँ हार से सबक लेकर राजस्थान, मप्र, और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की है हाशिए पर जा रही हैं, ऐसे में बीजेपी या नरेंद्र मोदी का उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना कोई कोरी कल्पना नहीं लगती. है। अब युवावस्था और परिपक्वता पर संदेह करना बेमानी होगा। इसलिए अब युवा क्रांतिकारियों के जाल में नहीं फंसने वाले हैं, ऐसे में कोई ठोस रणनीति ही युवाओं को प्रभावित कर उनका सर्वेक्षण कर सकेगी। इसलिए, प्रिय युवाओं, कृपया समझ लें कि वे आगामी लोकसभा की तस्वीर बनाएंगे और 18वीं लोकसभा की सत्ता पूरी तरह से युवाओं के हाथ में है और युवा ही अपने दम पर सत्ता की सीढ़ियां पार करते हैं। इसे एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है कि देश की युवा पीढ़ी मुखर हो रही है और अपनी भावनाओं में परिपक्वता का पक्ष रख रही है। ऐसे में राजनीतिक दलों और ठोस मुद्दों को आगे आना होगा तभी युवा मतदाता अपना मन बना सकें हालांकि युवाओ क़ो मेक इन इंडिया और स्टार्टअप से एनडीए क़ो उम्मीदवार तो जगी है लेकिन 19अप्रैल क़ो हुए मतदान में कम वोटिंग होना भी यह दर्शाता है कि युवाओं में इलेक्शन में रूचि नहीं दिख रही है शायद एग्जाम व जॉब में विदेशों में व गर्मी के कारण हो सकता है जो लोकतंत्र हेतु सही नहीं है जिसे भी वोट दे लेकिन ऐ हमेशा याद रखें कि हम भारत के नागरिक हैं और भारत में कहीं कहीं 50 प्रतिशत भी (जमुई ) भी मतदान नहीं होगा तो लोकतंत्र मज़ाक बन जायेगा चुनाव पर सरकार अच्छी खासी बजट देती है जो कुल मिलाकर एक राज्य का होता है। आप टैक्स देते हैं और वही ख़र्ज हो रहा है यदि क़ोई कैंडिडेट नहीं होता है तो नोटा पर डाल दे लेकिन मतदान जरूर करें। विदेशों में लोग दूसरे देश से अपने देश में मतदान करने आते हैं तो यहाँ क्यों नहीं जाते हैं और इसमें सबसे बड़ा फायदा मीडिया क़ो होता है इधर उधर का खबर दिखा कर रिजल्ट आया नहीं और क़ोई कहता विपक्ष के लिए वोट पड़ा क़ोई कहता है सत्तापक्ष क़ो मिला ऐ लोकतंत्र में जनजागरूकता की कमी है।

## सपा ने मुस्लिम यादव के बजाय दलित पिछड़ों पर क्यों लगाया दांव ?

क्या उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की तरह एक जाति और एक क्षेत्र की पार्टी बनकर रह जायेगी? के यों प्रदेश की सबसे मजबूत रही समाजवादी पार्टी से जनता का भरोसा खत्म होता जा रहा है? ऐसे बहुतेरे सवाल हैं जो समाजवादी पार्टी के समर्थकों को परेशान कर रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद से समाजवादी पार्टी का ग्राफ लगातार नीचे की ओर गिरता जा रहा है। बीते दो लोकसभा चुनावों में सपा पांच सीटों के आंकड़े से आगे नहीं बढ़ पायी है। 2014 के चुनाव में केवल मुलायम परिवार की सीटें ही निकल पायी थी, वहीं बसपा से गठबंधन के बावजूद 2019 में यादव परिवार के तीन सदस्य भी चुनाव हार गये थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या समाजवादी पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में पांच सीटों के बैरियर को पार कर पायेगी? यह सवाल इसलिए ज्यादा प्रासंगिक हैं कि टिकट वितरण को लेकर समाजवादी पार्टी में जिस तरह की उहापोह देखने को मिली, ऐसा बीते तीन दशक में कभी नहीं हुआ था। कई सीटों पर दो से तीन बार टिकट बदले गये, आरोप लगा कि अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव को गंभीरता से नहीं लड़ रहे हैं। दरअसल, 2014 के बाद से ही समाजवादी पार्टी से समर्थकों का छिटकना जारी है, और उसके पीछे की सबसे बड़ी वजह है अखिलेश यादव के भीतर धैर्य की कमी एवं कार्यकर्ताओं से दूरी। खैर, इस बार के आम चुनाव की बात करें तो ऐसा लग रहा है कि समाजवादी पार्टी दहाई के आंकड़े में पहुंच सकती है। इसके पीछे दो कारण है। पहला भाजपा का अति आत्मविश्वास तथा दूसरा सपा का गैर यादव पिछड़े एवं दलित प्रत्याशियों पर भरोसा। भाजपा ने जीत जाने के वहम में उन प्रत्याशियों को भी टिकट दे दिया है, जिनका अपने क्षेत्र में जबर्दस्त विरोध हो रहा था। भाजपा को मोदी तथा राम मंदिर का भरोसा था। उसे लग रहा था कि चुनाव आते-आते यह विरोध खत्म हो जायेगा,लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। उत्तर प्रदेश की दर्जनों सीट पर जनता में भाजपा प्रत्याशी को लेकर नाराजगी है,जिसका सीधा फायदा समाजवादी पार्टी को मिल रहा है। समाजवादी पार्टी इस बार अपने परंपरागत एमवाई यानी मुस्लिम यादव समीकरण से अलग रणनीति बनाकर भाजपा को टक्कर दे रही है। पार्टी की नजर गैर-यादव पिछड़े एवं दलित वोटरों पर है, जो फिलहाल भाजपा की ताकत हैं। सपा सबसे बड़ी सेंध भाजपा के कुर्मी वोटरों में लगा रही है। अब तक घोषित टिकटों में पार्टी ने सबसे ज्यादा नौ सीटों पर कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी उतारे हैं। 15 दलित वर्ग के प्रत्याशियों को भी टिकट दिये गये हैं। मेरठ और अयोध्या जैसी सामान्य सीट पर भी दलित प्रत्याशी उतारकर सपा ने भाजपा एवं बसपा दोनों खेमों में सेंधमारी की कोशिश में है। समाजवादी पार्टी की यह रणनीति सफल रही तो भाजपा को कई सीटों पर झटका लग सकता है।



**-अनिल सिंह-**



लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी फिंगेश्वर
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

### मतदान करें

आओ सब मिलकर मतदान करें
सुशासन का निर्माण करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
फरेब तिकड़म पर वार करें।।
आओ स्वार्थ से परे मतदाता बने
अपने भाग्य का निर्माता बने।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
अपने अधिकार का उपयोग करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
संविधान का हम मान करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
स्वयं का हम कल्याण करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
राष्ट्र विकास का साधक बने।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
विकसित भारत का निर्माण करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
वंदेमातरम् का गान करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
अपने राष्ट्र को सुदृढ़ करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
विश्व गुरु सृजन की सपना साकार करें।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### गरीब का बचपन



मोनिका डागा आनंद ,
चेन्नई,
तमिलनाडु

कहीं खो गया चहकते आजाद परिंदों का, सुहाना आनंद भरा बचपन,
गुमसुम हो गया मुस्कुराता, हंसता खेलता वो गुदगुदाता लड़कपन ।
शिक्षा प्राप्ति की उम्र में, गली-गली बेसहारा ही घूम रहे हैं,
दो जून की जीवकोपार्जन के लिए, अपनी मासूमियत खो रहे हैं,
जिन हाथों में होनी चाहिए तूलिका, गुब्बारे, खिलौने पतंगे,
अधनंगे ही कूड़े कटरे में से प्लास्टिक, कांच की बोतल ढूंढते ।
विद्यालय जाने का सपना तो है, उनके लिए बहुत बड़ा और दूर,
पारिवारिक जिम्मेदारियां संग, पेट भरने के लिए है वे मजबूर,
कहीं भिखारी बन तो कहीं, बाल मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे,
अपने बचपन को वह यूं, जिंदगी का बोझ बन इस कदर ढो रहे ।
कभी-कभी दाना पानी बिना ही, गगन तले राते गुजारते हैं,
अपनी इच्छाओं को घुट घुट कर, एक-एक कर यूं मारते हैं,
वर्तमान में खुशियों से अभावग्रस्त, व भविष्य चिताओं से भरे,
मौसम की मार को भी झेल जाते, अश्रु बहते पर वे कुछ न कहते ।
उचित शिक्षा व स्वास्थ्य की आवश्यकता, हर बच्चे को एक समान है,
हर एक बच्चे का देश के, सुनहरे भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान है ।




व्यग्र पाण्डे
गंगापुर सिटी
राजस्थान

### किस करवट बैठे ऊंट

देखें अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट।।
पहले खूब पसीनो आयो
टिकट बांटवा सभी दलां ने
जैसे तैसे बांट चुका फिर
वागी कूद गया मैंदां ने
भूल गया सब रीति नीति
भूल गया सब खूंट ।
देखें अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट ।।
हर जाति जाति सूं उठ रह्या
कर रह्या प्रदर्शन भारी
कोई किसी सूं कम ना माने
सब तेग अहं की धारी
लड़े काका-ताऊ आपस में
कैसी मच रही फूट ।
देखे अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट।
सभी दल असमंजस में हैं
कुण सी उक्ति आजमावां
देऊं पटकणी ओर न कूं
और विजयी हो जावां
रात दिन सोचे प्रत्याशी
पिलादे कोई ऐसी घूंट ।
देखे अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट ।।
वादों के अंबार लग रहे
कसम की बारिश बरसे
झूठ का परिवार बढ़ा है
सच लावारिश तरसे
मौज उड़ रही छुटभैयन की
दे रखी है उनकूं छूट ।
देखे अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट ।।
सुबह किसी का दोपहर कोई
बदल सांझ संग जावे
वोटर भी अजीब म्हारा भाई
झूठी कसमें खावे
दे रह्या सबकूं आश्वासन
जावे ना कोई रूठ ।
देखे अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट ।।
प्रजातंत्र के महापर्व को
सब मन से खूब मनायें
शत प्रतिशत मतदान कर
जिम्मेदारी निभायें
लोभ प्रलोभन में ना आये
ना मचायें लूट ।
देखें अबकी बार भायला
किस करवट बैठे ऊंट ।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना





कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर
,मध्यप्रदेश

### भोले से जुड़ जाऊं

मैं जुड़ जाऊं भोले से और,
भोले मुझसे जुड़ जाएं,
मन की बात बताता जाऊं,
भोले के संग गाता जाऊं।
मैं जुड़ जाऊं .....
भोले तो सबसे प्यारे हैं,
खेवनहार हमारे हैं,
जीवन में हर रंग भरने को,
भोले द्वार पधारे हैं।
मैं जुड़ जाऊं ....
सरगम की धुन बहक गई है,
भोले से मिलकर आई है,
शब्द चाहें तुम कोई उकेरो,
वो बस भोले ही गाती है।
मैं जुड़ जाऊं ...
धरा गगन-सा जन-मन होता,
मगन प्रेम में होता है,
अगन लगाली जो भोले से,
मन भोले-सा होता है।
मैं जुड़ जाऊं ....
आओ मनकों की माला में,
भोले के संग गुथ-गुथ जाएं,
भोले भक्ति में इतनें डूबें,
खुद अपनी सुध-बुधखो जाएं।
मैं जुड़ जाऊं ...

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# पीएम की सभा 24 को,सुरक्षाकर्मियों ने हेलीकॉप्टर से किया निरीक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा 24 अप्रैल को होनी है। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं रविवार को सुरक्षा कर्मियों ने हेलीकाप्टर से आकर निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव का सबसे पहला जनसभा 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का होना प्रस्तावित है। जनसभा पीजी कॉलेज ग्राउंड में होगा। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांधी स्टेडियम में हेलीपैड बनाया गया है। प्रधानमंत्री का विमान गांधी स्टेडयम में लैंड करेगा और पीजी कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम से तीन पूर्व ही सुरक्षा कर्मियों ने शहर का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। रविवार की दोपहर लगभग चार से पांच चक्कर सुरक्षाकर्मियों का हेलीकाप्टर शहर के चारों तरफ चक्कर लगाय है। वहीं दो बार गांधी स्टेडियम में लैंड कर सुरक्षा की जांच की। पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए एसपीजी की दो टीम शहर में शहर में पहुंच चुकी है। टीम शहर से देहात तक डेरा डाल लिया है। एसपीजी ने हेलीपैड और मंच का भी निरीक्षण किया। वहीं प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए लगभग दो हजार से अधिक फोर्स तैनात किए जाएंगे। इंटेलीजेंस भी पूरी तरह से अलर्ट है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में किसी तरह की कोई चुक न हो इसे लेकर सुरक्षा की पूरी तरह से इंतजाम किए जा रहे हैं। रविवार को पुलिस महानिदेशक अशोक जुनैजा व मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने भी हेलीकॉप्टर से अंबिकापुर पहुंचे और कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पुनः वापस चले गए।

### हेलीकाप्टर से की गई शहर की स्केनिंग

वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दिनभर शहर में उड़ता रहा। कभी यह नीचे आ जाता था तो कभी आसमान पर उड़ते हुए नजर आता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस हेलीकॉप्टर से शहर के एक-एक स्थल के फोटोग्राफ्स सीधे पीएमओ कार्यालय भेजे गए



## राइस मिल में आग लगने से लाखों का धान और बारदाने जलकर खाक

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।
बरियों पुलिस चौकी अंतर्गत ककना में स्थित शांति राइस मिल में रविवार को भीषण आग गई। इससे लाखों रुपए का धान और बारदाने जलकर खाक हो गए। अंबिकापुर से दो दमकल वाहन बुलाकर आग बुझाई गई। जानकारी के अनुसार बरियों के ककना में योगेश अग्रवाल की राइस मिल संचालित है। राइस मिल बहुत दिनों से बंद था। रविवार को दोपहर करीब 2.30 बजे राइस मिल में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें देख राइस मिल के मुंशी नरेंद्र दुबे ने अपने मालिक योगेश अग्रवाल व पुलिस चौकी को सूचना दी। मौके पर चौकी प्रभारी सुधीर मिंज पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। अंबिकापुर से दो दमकल वाहन बुलाकर आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग की वजह से राइस मिल में लाखों के धान व बारदाने जलकर खाक हो गए। आग किन वजहों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## मवेशियों को बुचडख़ाना ले जा रहे 5 आरोपी गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।
सीतापुर पुलिस ने 5 मवेशी तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 20 नग मवेशी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।
21 अप्रैल को सीतापुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि गुतूरमा सीतापुर की ओर से काफी संख्या में मवेशियों को मारते पीटते हुए पैदल हाकते हुए बुचडख़ाना ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी बिरबल तिर्की उम्र 40 वर्ष निवासी सिलमा बतौली, भरोस पैकरा उम्र 35 वर्ष निवासी सरमना बतौली, सदाशिव पैकरा उम्र 43 वर्ष निवासी पथरई बतौली, ब्रेरसन किंडो उम्र 30 वर्ष निवासी सरडीह थाना बगीचा जिला जशपुर व सतीश कुमार पैकरा उम्र 35 वर्ष निवासी पथरई थाना बतौली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 रास मवेशी जब्त किया है। आरोपियों ने मवेशियों को बुचडख़ाना ले हाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## महुआ बीन कर घर वापस लौट रही महिला को हाथी ने कुचला,बेटा ने भाग कर बचाई जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।
तमोर पिंगला अभयारण के गेंम रेंज में रविवार की दोपहर हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला। महिला अपने बेटा के साथ महुआ बीकर वापस घर लौट रही थी। जंगल के बीट कुदरू घाट आरएफ 417 में लगवना नाला के पास अचानक हाथी से उसका सामना हो गया। बेटा ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई पर उसकी मां को हाथी ने कुचल दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव को पीएम करवाया। वहीं मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।
जानकारी के अनुसार ग्राम सरना निवासी प्रभावती कुशवहा पति रामाशंकर कुशवाहा उम्र 50 वर्ष रविवार की सुबह अपने बेटा के



साथ महुआ बीनने तमोर पिंगला अभयारण्य के गेम रेंज पिंगला जंगल के अंदर गई थी। दोपहर 12 बजे दोनों महुआ बीनकर वापस घर लौट रहे थे। तभी जंगल के बीट कुदरू घाट आरएफ 417 में के लगवना नाला के पास अचानक हाथी से मां-बेटा का सामना हो गया। बेटा ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई पर महिला भाग नहीं पाई। इस दौरान हाथी ने उसे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इधर भाग कर ग्राम सोनहत पहुंचा बेटा ने घटना की जानकारी गांव वालों व परिजन को दी। इसके बाद परिजन वन अमला के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर पिंगला परिक्षेत्र के परिक्षेत्राधिकारी मोहन राम भगत ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव को पीएम करवाया। वन विभाग द्वारा तात्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रुपए मृतिका के पति रामा शंकर कुशवाहा को दिया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।
शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार करने के मामले में सीतापुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार युवती की जान पहचान कोटछाल निवासी कपीलदेव बड़ा से थी। युवती से शादी करने का झांसा देकर कपीलदेव वर्ष 2011 से बलात्कार कर रहा था। इसके बाद वह शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट 19 अप्रैल को थाना सीतापुर में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।




## विधायक पदनाम का बोर्ड लगी फॉरच्यूनर से आचार संहिता की धज्जियां उड़ाती शहर भर घूमती रहीं विधायक,बेख़बर निर्वाचन आयोग

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।
लोकसभा चुनाव के लिए अचार संहिता की घोषणा की जा चुकी है। ऐसे में आम जनों से लेकर जनप्रतिनिधियों को भी कई तरह के नियमों का पालन करना पड़ता है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के चाल-चलन को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उनके लिए आचार संहिता के सारे नियम बेमानी हैं।
अम्बिकापुर में आगामी 24 अप्रैल 2024 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की एक बड़ी चुनावी रैली होने जा रही है। भाजपा द्वारा इस बड़े कार्यक्रम को सफल बनाने जोरों-शोरों से तैयारी की जा रही है। इसी सिलसिले में अम्बिकापुर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में विधानसभा क्रमांक 6, प्रतापपुर से पहली बार विधायक बनी शकुंतला पोर्ते भी अपनी विधायक पदनाम लगी लक्जरी फॉर्च्यूनर से पहुंची थी। शायद इन माननीय को यह




जानकारी नहीं थी कि आचार संहिता के दौरान चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किस तरह के आचरण का पालन करना चाहिए। इस दौरान पदनाम वाले बोर्ड के बारे में विधायक से पूछे जाने पर सारा ठीकरा ड्राइवर पर फोड़ उन्होनें अपना पल्ला झाड़ लिया।
हालांकि मीडिया द्वारा इस मुद्दे पर सवाल जवाब के बाद फॉर्च्यूनर पर लगे पदनाम के बोर्ड को ढंक दिया गया लेकिन ऐसे में एक सवाल जरूर उठता है कि क्या जनप्रतिनिधियों को आचार संहिता के नियमों की जानकारी नहीं या उनका भौकाल चुनावी माहौल में भी कम न हो इसलिए ऐसी हरकतें वह जानबूझकर करते हैं। एक बड़ा सवाल निर्वाचन आयोग और प्रशासन की कार्यशैली पर भी खड़ा होता है कि पूरे शहर में पदनाम लगी गाड़ी बेरोकटोक घूमती रही फिरभी पुलिस से लेकर प्रशासन तक किसी की नज़र इस पर क्यों नहीं पड़ी या देखकर भी नजरअंदाज किया गया।

## मोदी जी को देखने और सुनने के लिए जनता में भारी उत्साह : रामविचार नेताम

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 24 अप्रैल को अंबिकापुर में होने वाली आम सभा को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता तथा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी की उपस्थिति में रामविचार नेताम ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 24 अप्रैल को तीसरी बार मां महामाया की पावन




धरा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आगमन हो रहा है। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता जी जान से लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देखने व सुनने के लिए सरगुजा की जनता आतुर है।
अपने संबोधन में मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे पीजी कॉलेज मैदान अंबिकापुर में संबोधन होगा । उनके आगमन को लेकर सरगुजा की आम जनता में भारी उत्साह है, लगभग एक लाख से ज्यादा भीड़ उनकी सभा में जुटने का अनुमान है।
आगे उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर है, मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता आतुर है।अ बकी बार 400 पार केवल नारा नहीं बल्कि सच्चाई है, जो हकीकत में बदलने जा रहा है।ये वही अम्बिकापुर है, जिसने मोदी जी को लाल किला बनाकर उनका भाषण कराया था जब वो भाजपा/एनडीए के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनकर अम्बिकापुर आये थें। इस बार भी हम सरगुजा संसदीय सीट ऐतिहासिक मतो से जीतकर मोदी जी को तोहफा देने जा रहें है। मोदी की गांरटी पर देश की जनता हर चरण के वोटिंग में मुहर लगा रही है।




## धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। बतौली पुलिस ने धारदार हथियार के साथ बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किय है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार अमेरिकन ड्क्षसह पैकरा बतौली क्षेत्र का आदतन अपाधी है। वह 21 अप्रैल को बाइक से ग्राम शिवपुर में आकर लोगों को तलवार दिखाकर डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

CMYK

# बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन से लाखों इमारतों पर खतरा,जमीन में धंस रहे बड़े शहर



**बीजिंग,21 अप्रैल 2024।** नए शोध में पता चला है कि चीन के करीब आधे प्रमुख शहरों पर पानी की निकासी और शहरी इमारतों व बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन के कारण खतरा मंडरा रहा है। जर्नल 'साइंस' में छपे इस शोध में पाया गया कि बीजिंग और तियानजिन समेत चीनी शहर भूस्खलन के 'मध्यम से गंभीर' जोखिम में हैं। शोध में चीनी जमीन के धंसने की दर भी बताई?गई। अध्ययन के मुताबिक, चीन की 45 प्रतिशत शहरी भूमि प्रति वर्ष 3 मिलीमीटर से अधिक तेजी से धंस रही थी, जबकि 16त्न प्रति वर्ष 10 मिलीमीटर से अधिक की दर से धंस रही है।

अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने 2015 से 2022 की अवधि में 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले प्रत्येक चीनी शहर में भूमि धंसाव को मापा। उन्होंने जिन 82 शहरों की जांच की, उनमें से टीम ने पाया कि कुछ शहर तेजी से धंस रहे हैं। छह में से एक शहर प्रति वर्ष 10 मिमी से अधिक तेजी से धंस रहा है। उन्होंने यह भी पाया कि शंघाई जहां लगातार डूब रहा है, वहीं बीजिंग वार्षिक रूप से 45 मिलीमीटर नीचे जा रहा है।

### खनन व शहरी परिवहन नेटवर्क भी एक कारण

वैज्ञानिकों ने धंसते शहरों व भूजल क्षति के बीच एक मजबूत संबंध भी पाया,जो परत में खाली छिद्र छोड़ देता है और ऊपर वजन के ढेर में सिमट जाता है। शोध के अनुसार,अन्य कारकों में शहरी परिवहन नेटवर्क, साथ ही हाइड्रोकार्बन निष्कर्षण और खनन शामिल हैं।

### ढांचे की अखंडता के लिए बड़ा खतरा

शोधकर्ताओं ने जोर देकर कहा, चीन के शहरों की गिरावट को संबोधित करने की कुंजी भूजल निकासी के दीर्घकालिक, निरंतर नियंत्रण में निहित हो सकती है। ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय में जलवायु अनुकूलन के प्रोफेसर रॉबर्ट निकोल्स ने कहा, यह धंसाव इमारतों और बुनियादी ढांचे की संरचनात्मक अखंडता के लिए बड़ा खतरा है और बाढ़ के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है।

# इस्राईल को अमेरिका से मिली सैन्य मदद के बाद टली जंग की संभावना, ईरान ने भी पीछे खींचे हाथ

**वॉशिंगटन/यरुशलम, 21 अप्रैल 2024।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बीच ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही थी। हालांकि, अब युद्ध की संभावना कम हो गई है। इसका कारण यह है कि इस्राइल के बचाव में उसका जिगरी दोस्त अमेरिका उतर आया है। अमेरिकी सांसदों ने शनिवार को इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता की मंजूरी दी है।

### वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज

बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राइल से बदला लेने के लिए कुछ कदम पीछे ले लिए हैं। उसने ड्रोन और मिसाइल हमले में कमी कर दी है। इस कदम ने उन आशंकाओं को



कम दिया है कि कट्टर दुश्मनों के बीच बढ़ते हमले मध्य पूर्व में एक जंग में बदल सकते हैं। हालांकि, इराक में हाल ही में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पांच धमाके हुए। इससे क्षेत्र में तनाव देखने को मिला। वहीं, गाजा में इस्राइल लगातार हमला कर रहा है। इससे वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज हो गया है।

### 13 अरब डॉलर को मंजूरी

अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली सहित इस्राइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मदद करने का फैसला लिया। इसलिए उसने इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता के लिए 13 अरब डॉलर को मंजूरी दी।

### नेतन्याहू ने किया सहायता का स्वागत

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सैन्य सहायता का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर कहा कि यह इस्राइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है और पश्चिमी सभ्यता का बचाव करता है।

### फलस्तीनी ने किया विरोध

हालांकि, फलस्तीनी राष्ट्रपति ने इसकी निंदा की।फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबिल अबू रुदैना ने कहा कि यह सहायता गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में हजारों मासूमों की जान लेने का कारण बनेगी।

# अमेरिका ने इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला,नाराज नेतन्याहू ने कही यह बात

**तेल अवीव,21 अप्रैल 2024।** अमेरिका ने एक तरफ इस्राइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इस्राइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है।

### इस बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी

फलस्तीन के वेस्ट बैंक में



इस्राइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इस्राइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी।

### आगबबूला हुए पीएम नेतन्याहू

अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने शनिवार रात कहा, 'इस्राइली रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। हमारे सैनिक आतंकवादी से लड़ रहे हैं। आईडीएफ यूनिट पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकापन है।

उन्होंने आगे कहा, मैं जिस इस्राइली सरकार का नेतृत्व कर रहा हूं, वह इन कदमों के खिलाफ सभी तरीकों से कार्रवाई करेगी। बता दें कि अमेरिका इससे पहले ईरान पर भी इस्राइल पर हमला करने के लिए कई तरह से प्रतिबंध लगा चुका है। इसके बाद इस्राइल के खिलाफ उनका एक्शन कई तरह के सवाल खड़े करते हैं।

# प्रशिक्षण के दौरान हादसे का शिकार हुए दो सैन्य हेलीकॉप्टर,क्रैश में एक की मौत,सात लापता

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल 2024।** शनिवार देर रात दो जापानी मिलिट्री हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें अब तक एक का शव बरामद हुआ है, अन्य सात लोग लापता हैं। हालांकि अब तक दोनों हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण पता नहीं लग पाया है। वहीं लापता सात लोगों की खोज जारी है। जापान के दो हेलीकॉप्टर रात में प्रशांत महासागर के इजू द्वीप पर पनडुब्बियों का मुकाबला करने का अभ्यास कर रहे थे। टोरीशिमा द्वीप के पास रात 10:38 के आसपास एक हेलीकॉप्टर से संपर्क टूट गया, उसके कुछ क्षणों बाद ही विमान से एक आपातकालीन सिग्नल प्राप्त हुआ। इसके लगभग 25 मिनट बाद करीबन 11: 04 पर इसी क्षेत्र में प्रशिक्षण कर रहे दूसरे विमान से भी संपर्क टूट गया। जापान



के आत्मरक्षा बल (एसडीएफ) के एक प्रवक्ता ने एएफपी को शनिवार देर रात की घटना की पुष्टि की और कहा कि एक व्यक्ति को बचाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई।

रक्षामंत्री माइनोरू किहारा का कहना है कि समुद्र में विमान का हिस्से देखे गए हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त हुए। हालांकि अब तक दुर्घटना का सही कारण नहीं पता चल पाया है, हमारी प्राथमिकता लोगों को बचाना है। एक चालक दल के सदस्य को बचाया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। लापता अन्य सात लोगों की खोज जारी है।

मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने कहा कि आस-पास के जल क्षेत्र में कोई अन्य विमान या जहाज नहीं था, इसलिए घटना में किसी अन्य देश की संलिप्ता की संभावना नहीं है।

### पहले भी हो चुके हैं हादसे

पिछले साल अप्रैल में एक सेना के हेलीकॉप्टर का दक्षिणी ओकिनावा में मियाको द्वीप पर एक्सीडेंट हो चुका है। इसमें 10 लोग सवार थे, जिसमें दो पायलट, दो मैकेनिक और एक सेना जनरल और अन्य सवार थे। इनमें से एक भी जीवित नहीं बचा।

वहीं जनवरी 2022 में भी एक लड़ाकू जैट मध्य इशिकावा में पानी में क्रैश हुआ था। इसमें बैठे दो पायलट की मौत हो गई थी। यही नहीं 2019 में एक स्टील्थ जेट का प्रशिक्षण मिशन पर उत्तरपूर्वी जापान से उड़ान भरने के बाद समुद्र में क्रैश हुआ।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी सेना का एक ऑस्प्रे सैन्य विमान जापान के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई थी।

### जापान रक्षा पर बढ़ा रहा है खर्चा

जापान इन दिनों देश की सुरक्षा के पर खास ध्यान दे रहा है। लगातार संयुक्त राज्य अमेरिका,एशिया के कई देशों के साथ अपने संबंध सुधारने में लगा हुआ है। सूत्रों की मानें तो इन दिनों चीन की आक्रामता और उत्तर कोरिया के कारण जापान अपनी सुरक्षा व्यव्यस्था पर खर्च बढ़ा चुका है।

## मालदीव में संसदीय चुनाव आज

# राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत विरोधी और चीन समर्थक रुख पर आएगा जनादेश

**माले,21 अप्रैल 2024।** मालदीव की राजनीति में पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के बाद से काफी उतार चढ़ाव देखा गया है। अब भारत का पड़ोसी देश 20वें संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। आज मालदीव में चुनाव होना है, जिसके नतीजे कल यानी सोमवार को घोषित किए जा सकते हैं। हालांकि, यह चुनाव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए चीन की ओर झुकाव और भारत विरोधी होने की परीक्षा है। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने अपना पूरा प्रचार इंडिया आउट के नाम पर चलाया। संसदीय चुनाव के लिए भी प्रचार में उन्होंने भारत विरोध का सहारा लिया। जिस कारण यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

### करीब तीन लाख लोग करेंगे वोट

बता दें, मालदीव में रविवार को करीब 2,85,000 लोग मतदान कर सकेंगे और अगले दिन तक परिणाम आने की संभावना है। कुल 93 सीटों पर चुनाव होना है। वर्तमान में विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी का 41 सीटों के साथ पीपुल्स मजलिस (संसद) में दबदबा कायम है। संसद में बहुमत न होने से मुइज्जू के लिए किसी भी कानून को बनाना मुश्किल हो रहा है।

### देश की राजनीति काफी दिलचस्प

वैश्विक पूर्व-पश्चिम शिपिंग लेन देश की 1,192 छोटे द्वीपों की श्रृंखला से गुजरती हैं, जो भूमध्य रेखा के पार लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) तक फैली हुई है। मालदीव मुख्य रूप से दक्षिण एशिया में सबसे महंगे छुट्टी स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। फिलहाल देश की राजनीति काफी दिलचस्प बनी हुई है। 45 वर्षीय राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले सितंबर में चीन समर्थक पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के प्रॉक्सी के रूप में राष्ट्रपति चुनाव जीता था।

### भारत विरोधी बनना पड़ेगा भारी?

मुइज्जू लगातार चीन समर्थक



होने का उदाहरण पेश करते रहे हैं। इस बात का प्रमाण उन्होंने जनवरी में बीजिंग का दौरा करके दिया था, जहां कई समझौतों का करार किया गया था। वे मालदीव के पहले राष्ट्रपति बने थे, जिन्होंने दिल्ली से पहले बीजिंग का रुख किया। इतना ही नहीं, इस महीने उन्होंने चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के साथ कई अनुबंध किए। वहीं, मालदीव के जलक्षेत्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने की अनुमति से पीछे हटने और नौसैनिक हेलिकॉप्टरों का संचालन करने वाले सैनिकों को बाहर करने का फरमान भी राष्ट्रपति बनते सुनाया था। इंडिया आउट अभियान के दम पर चुनाव जीतने वाले मुइज्जू कई बार भारत के खिलाफ टिप्पणी कर चुके हैं। अब लोगों में इसका कितना असर है, यह चुनाव परिणाम तय करेंगे।


मुइज्जू के एक वरिष्ठ सहयोगी का कहना है, रविवार के चुनाव में पार्टियां वोटों के लिए प्रचार कर रही हैं, इसलिए भू-राजनीति पृष्ठभूमि में है। वह भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के वादे पर सत्ता में आए थे और वह इस पर काम कर रहे हैं। सत्ता में आने के बाद से संसद उनके साथ सहयोग नहीं कर रही है। हालांकि, भारत यही चाहेगा कि मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ही इस चुनाव में जीत दर्ज करे। एमडीपी को भारत समर्थक माना जाता है। एमडीपी के नेता और पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने अपनी पार्टी की जीत का दावा किया है।

### बहुमत हासिल करना मुश्किल

मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) सहित सभी मुख्य राजनीतिक दलों में बंटवारे से किसी भी एक पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन इस सप्ताह मुइज्जू को एक अलग उम्मीद मिली। दरअसल, उनके गुरु यामीन को फिलहाल भ्रष्टाचार के मामले में राहत मिली है। राजधानी माले की एक अदालत ने भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में फिर से मुकदमा चलाने का आदेश दिया, जिसमें यामीन को 2018 में फिर से चुनाव हारने के बाद जेल भेज दिया गया था।

यामीन ने सत्ता में रहते हुए बीजिंग के साथ करीबी संबंध का भी समर्थन किया था, लेकिन उनकी सजा के कारण वह पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने में असमर्थ रहे। इसलिए उन्होंने मुइज्जू को मैदान में उतारा था।

# पाकिस्तान ने भेजा गंदा चावल,रूस ने दी धमकी-फिर ऐसा हुआ तो खरीदना बंद कर देंगे



**कराची,21 अप्रैल 2024।** रूस ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि वह पाकिस्तान से आने वाले चावल पर रोक लगा देगा। रूस ने यह धमकी इसलिए दी है क्योंकि पाकिस्तान से आई चावल की खेप में एक ऐसा कीटाणु मिला है, जो अगर अनियंत्रित हो जाए तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यही वजह है कि रूस ने धमकी दी है कि अगर फिर से बिना पूरी सावधानी और सफाई बरते चावल भेजा तो वह इसे प्रतिबंधित कर देंगे।

### रूस ने चावल खरीद पर रोक की दी धमकी

रूस की संघीय संस्था वेटरनरी एंड फाइटोसैनिट्री सर्विलांस ने पाकिस्तान से आए चावल को दूषित पाया और इसे लेकर नोटिफिकेशन भी जारी किया था। रूस ने पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर आगे सावधानी नहीं बरती गई तो रूस, पाकिस्तान से चावल का आयात बंद कर देगा। रूस ने पाकिस्तान के व्यापार प्रतिनिधि के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की है और उनसे मामले की जांच कराने को कहा है।

रूस के शीर्ष अधिकारियों ने पाकिस्तान के दूतावास को भी पत्र लिखकर भविष्य में निर्यात के अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन रोकने को कहा। रूस स्थित पाकिस्तानी दूतावास ने रूसी सरकार की चिट्ठी को पाकिस्तान के खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप सुरक्षा विभाग को भेज दिया है। पत्र में साफ कहा गया है कि अगर भविष्य में भी चावलों में सफाई संबंधी समस्या मिली तो पाकिस्तान से चावल खरीद पर रोक लगा दी जाएगी।

# अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह जाएंगे चीन,इन अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**वॉशिंगटन,21 अप्रैल 2024।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जल्द ही चीन का दौरा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे।

विदेश विभाग का कहना है कि ब्लिंकन शंघाई और बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। इस दौरान मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दे और दक्षिण चीन सागर पर भी बात होगी।

### इन मुद्दों पर भी होगी बात

एक बयान में कहा गया, विदेश मंत्री नवंबर में वुडसाइड शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडन और शी द्वारा किए गए प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए चल रहे कार्यों पर भी चर्चा करेंगे, जो कि काउंटरनार्कोटिक्स सहयोग, सैन्य-से-सैन्य



संचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर है।

### यह लोग भी रहेंगे मौजूद

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ सार्वजनिक कूटनीति और सार्वजनिक मामलों की अवर सचिव लिज एलेन, पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डैनियल क्रिटेनब्रिंक,अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स और कानून प्रवर्तन मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव टॉड रॉबिन्सन और साइबरस्पेस और डिजिटल नीति के लिए बड़े पैमाने पर राजदूत नथानिएल फिक भी होंगे।

### महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना लक्ष्य

विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंत्री की यात्रा निश्चित रूप से अमेरिका-चीन संबंधों को मजबूत करने के लिए होगी। वहीं, यह यात्रा पिछले एक साल में हमारी गहन कूटनीति पर आधारित होगी। सबसे पहले महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना लक्ष्य है। हमारा मानना है कि उच्च स्तरीय कूटनीति हमें उन मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए दबाव डालने की अनुमति देती है जो अमेरिकी लोगों और दुनिया के लिए मायने रखते हैं और जहां पीआरसी के साथ सीधा जुड़ाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

### हमेशा की तरह इस बार भी हमारे हितों के लिए बोलेंगे

उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्री जैसा हमेशा करते हैं, वैसा ही इस बार करेंगे। वह सीधे रूप से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका की चिंताओं पर बात करेंगे। वह हमारे मूल्यों और हमारे हितों के लिए बोलेंगे।

# पेड़ की छांव और ग्रामीणों के आंगन में लग रही विधायक रेणुका की चौपाल

» लगातार दौरे से वनांचल क्षेत्र में पकड़ी भाजपा की रफ्तार

» विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विधायक बतला रहीं केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धि

» वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत की निष्क्रियता को लेकर भी तीखा प्रहार

## विकास का ढिंढोरा पीटते थे पूर्व विधायक...जबकि हकीकत कुछ और...







**- रवि सिंह -**
**कोरिया,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बीते विधानसभा चुनाव में एक माह के धुआंधार दौरे और प्रचार के बाद भरतपुर सोनहत जैसे वनांचल क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुईं रेणुका सिंह अब एक बार फिर लोकसभा चुनाव को लेकर मैदान में दिखलाई पड़ रहीं हैं उनके द्वारा वनांचल क्षेत्र का लगातार दौरा किया जा रहा है,विधायक रेणुका सिंह की सक्रियता के कारण इस क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में माहौल बनने लगा है। विधायक को खुद के बीच पाकर जहां स्थानीय नागरिक उत्साहित दिखलाई दे रहे हैं तो वहीं विधायक द्वारा केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धि बतलाकर चुनाव में एक बार फिर भाजपा को जीत दिलाने और केन्द्र में फिर से मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया जा रहा है। उनके द्वारा वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत पर निष्क्रियता का आरोप लगाकर सवाल भी खड़ा किया जा रहा है।

### पेड़ की छांव और ग्रामीणों के आंगन में लग रही चैपाल

विधायक रेणुका सिंह द्वारा भरी दुपहरी में इस क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है जिससे ग्रामीण भी आश्चर्यचकित हैं। विधायक को एकदम सहज अंदाज मे खुद के बीच पाकर वे खुशी का इजहार भी कर रहे हैं। विधायक द्वारा भेंट मुलाकात और चैपाल कार्यक्रम किसी घर में नही बल्कि पेड़ की छांव और ग्रामीणों के आंगन में बहुत ही सहजता से लगाई जा रही है, बड़ी संख्या में महिलांए, बच्चे, युवतियां और बुजुर्ग उनके इस अंदाज से काफी प्रभावित दिखलाई दे रहे हैं। विधायक की बातों को वे गंभीरता पूर्वक सुन रहे हैं और भविष्य में काफी उम्मीद भी कर रहे हैं।

### केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धि का बखान

विधायक रेणुका सिंह द्वारा अपने दौरे में केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगो को दी जा रही है और उन योजनाओं का फीडबैक भी लिया जा रहा है। उपलब्धि का बखान करते हुए रेणुका सिंह द्वारा डबल इंजन की सरकार बनी रहे इस हेतु आगामी चुनाव में फिर से समर्थन देने का आह्वान लोगो से किया जा रहा है।

### दुरस्थ सुविधाविहीन क्षेत्रों में पहुंची विधायक

गत शनिवार को विधायक रेणुका सिंह ने सोनहत विकासखंड के दसेर, कछुआखोह, गोयनी, आनंदपुर, धनपुर, कुरथी और सलगांवखुर्द जैसे दूरस्थ और सुविधाविहीन क्षेत्रों का दौरा किया,यह ऐसे क्षेत्र हैं जहां के निवासी आज भी विकास की बाट जोह रहे हैं। विधायक द्वारा लोगो से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, आंगनबाड़ी संबंधी अनेक योजनाओं की जानकारी ली जा रही है। समस्या को सुनकर वे हतप्रभ हैं और ग्रामीणो से उनकी समस्या को हल करने का वादा कर रही हैं। ग्रामीण परिवार से अत्यंत ही आत्मीयता के साथ मिलना रेणुका सिंह का एक अलग अंदाज है। उन्होने छत्तीसगढ के सीमावर्ती गांव कछुआखोह का भी दौरा किया जहां अनेक प्रकार की समस्यांए सामने आई इसका उन्होने समाधान करने का भरोसा ग्रामीणो को दिया है। यहां के ग्रामीणों ने बतलाया कि एक प्रायमरी स्कूल था वह भी अधिकारियों की लापरवाही से पिछले वर्ष बंद हो चुका है,रेणुका सिंह ने इसी शिक्षा सत्र से स्कूल प्रारंभ कराने की बात कही है।

### सरोज पांडेय को जिताएं, मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं

रेणुका सिंह द्वारा क्षेत्र के दौरे में कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय को जीता कर सांसद बनाने और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की बात कही जा रही है उनके द्वारा अपने चैपाल कार्यक्रम के माध्यम से यह कहा जा रहा है सभी आगे बढकर मतदान करें देश के लिए मतदान करें आपके एक एक वोट से ही मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे।

### वर्तमान सांसद पर निष्क्रियता का आरोप

कोरबा लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत इस बार भी कांग्रेस से उम्मीदवार हैं लेकिन अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में पूरी तरह से असफल साबित हुई हैं,वे एकदम निष्क्रिय हैं जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। कभी कभार बैठकों में ही उनका आना जाना होता है क्षेत्र में वे सिर्फ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के घर जाती हैं,ऐसा निष्क्रिय सांसद हमें नही चाहिए बल्कि हमें सरोज पांडेय जैसा एक विकास की सोच रखने वाला सांसद चाहिए जो दिल्ली जाकर सर्वोच्च सदन में क्षेत्र की जनता की आवाल बुलंद करें इस प्रकार का आरोप ज्योत्सना महंत पर लगाते हुए रेणुका सिंह द्वारा आगामी चुनाव में कांग्रेस की विदाई की बात कही जा रही है।

### विकास का ढिंढोरा पीटने वाले पूर्व विधायक की खुल रही पोल

विधायक के दौरे में वनांचल क्षेत्र में कई प्रकार की समस्या सामने आ रही है,उस पर रेणुका सिंह मुखर भी हो रही हैं। उनके द्वारा पूर्व विधायक और खुद को विकास पुरोधा बतलाने वाले गुलाब कमरो पर आरोप भी लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक गुलाब कमरो द्वारा अपने कार्यकाल में आए दिन विकास का ढिंढोरा पीटा जाता था सिर्फ कागजी कार्यवाही को विकास बतलाने वाले पूर्व विधायक के कार्यकाल में वनाचंल क्षेत्र में ग्रामीण जन आज भी विकास को तरस रहे हैं यह उनके कार्यकाल की नाकामी ही कही जा सकती है।

# सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न



**- संवाददाता -**
**मनेन्द्रगढ़,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे की उपस्थिति में आज दोनों जिलों के लिए नियुक्त मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।



कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट ने सामान्य प्रेक्षक को जिले में निर्वाचन के लिए किये गये समस्त तैयारियों की आधारभूत जानकारी प्रदान की। मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन के दौरान मनेंद्रगढ़ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट, कोरिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायता सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद चोपड़ा,लिंगराज सिदार, कोरिया जिले सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिपीका नेताम, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, विजेयन्द्र सारथी सहित निर्वाचन कार्य में नियुक्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। रेंडमाइजेशन की समस्त कार्यवाही डीआईओ अभिजीत कौशिक एवं सुखदेव पटेल के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया।


# सूरजपुर पुलिस का चेकिंग अभियान,बस रेलवे स्टेशन,होटल,लॉज का सघन चेकिंग

» संचालकों को होटल-लॉज में ठहरने वालों के आईडी व पूर्ण विवरण के बाद कमरा देने व थाने में सूचना देने के निर्देश।

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

आगामी दिनों में सरगुजा में व्हीव्हीआईपी आगमन को लेकर सूरजपुर पुलिस एलर्ट है। पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले में रुके बाहरियों और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देश पर यह चेकिंग अभियान चलाया गया। डीआईजी/एसएसपी का फरमान मिलते ही शनिवार को एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पूरे जिले में एक साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। होटलों की चेकिंग के साथ ही सार्वजनिक स्थल भी चेक किए गए।











पुलिस टीम के द्वारा सभी होटलों, ढ़ाबा, बस व रेलवे स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। होटल,लॉज,संचालकों को होटलों में ठहरने वाले लोगों से उनका आईडी प्राप्त कर उसकी सही तरह से जांच करने के साथ ठहरने वाले लोगों से शहर में आगमन का उद्देश्य के अलावा कहां व किस कार्य से आए हैं के विवरण लेने के बाद ही होटल में ठहरने दिया जाए। होटल में ठहरने वाले ग्राहकों के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के साथ इसकी सूची थाना को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने होटल संचालकों को निर्देश दिया कि उनके होटल में कोई पुलिस पदाधिकारी ही क्यों ना ठहरे हो उनसे भी आई कार्ड लेकर ही ठहरने दें।

पुलिस के अधिकारी व जवानों ने बस व रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर संदिग्ध सामान की तलाशी ली। चुनाव को लेकर बनाए गए अंतर्राज्जीय नाका सहित सरहदी जिले के बार्डर पर स्थित नाकाबंदी प्वाईट पर सभी वाहनों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवानों को संदिग्धों पर नजर रखने सादे कपड़ों में लगाया गया है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण







**- संवाददाता -**
**जशपुरनगर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ के लिए नियुक्त किए गए पुलिस प्रेक्षक मुख्तार मोहसिन ने आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक मॉडल स्कूल डोडकाचौरा में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल स्थल का निरीक्षण कर लोकसभा आम निर्वाचन से जुड़े तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली आवश्यक दिशा निर्देश दिया

उन्होंने बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह ने बताया की तीनो विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके साथ सिक्योरिटी हेतु फोर्स तैनात किया गया है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, बिजली, पानी, सीसीटीवी, बैरिकेट्स, फायर ब्रिगेड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सीसीटीवी के एंगल का अवलोकन किया और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अपर कलेक्टर श्री आई एल ठाकुर, एसडीएम श्री प्रशांत कुशवाहा, पुलिस विभाग के आला अधिकारी एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

# आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर आदेश जारी

**- संवाददाता -**
**मनेन्द्रगढ़, 21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

आदतन अपराधी मनोज खटिक आत्मज छेदीलाल खटिक उम्र 31 वर्ष वार्ड नम्बर 05 मौहारपारा मनेंद्रगढ़ को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट ने 01 माह 23 दिन की अवधि के लिए जिला बदर आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा (क) (ख) के तहत इस न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक-10/2023 में पारित आदेश के अनुसार आपको यह आदेश दिया जाता है कि 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:00 से जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिले के क्षेत्र में 23 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक कुल 01 माह 23 दिन की अवधि के लिए बाहर चले जाये और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का पालन किया जाये, पालन न करने पर आपके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# सार्वजनिक उद्योगों को निजी हाथों में जाने से बचाना होगा,कांग्रेस को मजबूत करें : डॉ. महंत



- संवाददाता -
कोरबा,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस को मजबूती के साथ केन्द्र में सरकार बनाने के लिए अपना अभियान जारी रखते हुए श्रमिक संगठन सीटू के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनकी बैठक ली। देश के सभी वामपंथी दल इंडिया गंठबंधन में शामिल हैं और केन्द्र की मौजूदा सरकार के द्वारा संविधान, लोकतंत्र व सार्वजनिक उद्योगों को संकट से बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है । डॉ. महंत ने कहा कि हर बार के चुनावों से कुछ अलग यह चुनाव निर्णायक साबित होने वाला है जो देश की दिशा और दशा को बदलेगा। पिछले 10 वर्षों में देश को मनमाने तरीके से संचालित किया जाता रहा है। बहुमत का बेजा इस्तेमाल कर निर्णय थोपे जाते रहे और जब विरोध हुआ तो सदन में विपक्ष को निलंबित कर दिया गया। इस तरह की मनमानी आगे और बढने़ न पाए। देश के लाभकारी उद्योगों की स्थापना कांग्रेस शासन काल में हुई और लाभ वाले उद्योगों को भी भाजपा की सरकार ने चंद उद्योगपतियों के हाथों बेच दिया। आज मजदूर संगठनों के साथ-साथ मजदूर भी शोषित और पीड़ित है। भाजपा विपक्ष विहिन संसद की कल्पना कर रहा है और उसने किसानों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण किसान बिल और 29 श्रम कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता लागू की है। इस तरह से सरकार ने किसानों मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता को हर मौके पर प्रताड़ित करने का ही काम किया है। भाजपा की कार्पोरेटपरस्त नीतियां एवं पूंजी का असमान वितरण, सार्वजनिक उद्योगों के खात्मे का अभियान, कोयला उद्योगों पर लगातार किए जा रहे हमले, कोल इंडिया के शेयर लगातार सरकार द्वारा बेचे जाने के परिणाम भयानक होने लगे हैं। भविष्य में यह परिणाम और भी भयानक होंगे जब कार्पोरेट परस्त भाजपा की सरकार अपने इरादे में कामयाब हो जाएगी, इसलिए हम सबको मिलकर ऐसे खतरनाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने देना है और कोरबा से लेकर केन्द्र में कांग्रेस को भारी मतों से चुनकर लाना है। बैठक में उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत ने भी श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों से आशीर्वाद मांगा।

बैठक में वीएम मनोहर, खगेश्वर राम, सुरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, डीपी सिंह, डीपी लहरे, जेएल चौहान, एनजे तिर्की, चेतन लाल मंडावी, केआर कश्यप, बीएल साहू,बीएल साहू, बीएस पवार, भुनेश्वर सिंह, जी.राजेश, एस राजेश पिलई, मकुंद सिंह शरडे, अनिल कुमार, लीलाम्बर शर्मा, एस सामंता, आरके सुरजे, एएल साहू, शिशुपाल सिंह यादव, ईश्वरी प्रसाद केशरवानी, संतोष कुमार शाह, संपत लाल, राहुल कुमार, मो. सद्दाम हुसैन, साजी टी जॉन, अनुप सरकार, धरमलाल टंडन, मनोहर लाल साहू, श्याम कुमार खूंटे, समीर अंसारी, मोहन प्रधान, सुनील धीवर, एम पटेल, शिव कश्यप, सहज कुमार, दिलीप कुमार वैष्णव आदि उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने एसएसटी लबेद का किया आकस्मिक निरीक्षण



- संवाददाता -
कोरबा,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा कोरबा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने आज रामपुर विधानसभा अंतर्गत बनाए गए स्थैतिक निगरानी दल के जाँच पॉइंट लबेद का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने के उददेश्य से सामग्री परिवहन आदि पर नजर रखने और जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान नोडल अधिकारी व्यय श्री मनोज कुमार बंजारे, लाइजनिंग अधिकारी श्री चंद्रकांत टिकारीहा उपस्थित थे। इससे पूर्व व्यय प्रेक्षक ने सहायक व्यय लेखा टीम के अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर निर्वाचन व्यय संबंधी जानकारी दी। श्री मुकेश कुमार ने जिला मुख्यालय में संचालित मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण इकाई का भी निरीक्षण किया। यहां प्रभारी अधिकारी प्रिंट मीडिया इकाई भागवत साहू सहित अन्य प्रभारी अधिकारियों द्वारा पेडन्यूज के संबंध में की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने यहां प्रतिदिन के अखबारों, टीव्ही चैनलों, सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही प्रचार संबंधी सामाग्रियों को चिन्हित कर पेड न्यूज के प्रकरण हेतु प्रेषित करने और व्यय शाखा को रिपोर्ट प्रदान करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के दौरान भ्रामक खबरों तथा विज्ञापनों पर भी नजर रखने कहा। प्रेक्षक ने वीडियो अवलोकन कक्ष,सी-विजिल में की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली और निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी दी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

# गोंगपा के सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी एल. एस.उदय की जीत पक्की : चंद्रदीप कोर्चो

- संवाददाता -
प्रतापपुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सूरजपुर जिला महासचिव चंद्रदीप कोर्चो ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि सरगुजा संसदीय क्षेत्र से गोंगपा के प्रत्याशी एल. एस. उदय की जीत पक्की है वहीं कोर्चो ने कहा प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस मुक्त होना चाहिए तभी प्रदेश का विकास होगा। इस बार प्रदेश की जनता परिवर्तन के लिए मन बना लिया है दोनों राष्ट्रीय दलों की नीतियों से आम जनता तंग हो चुकी है राज्य गठन हुए 23 वर्ष बीत चुका है लेकिन यहां कोई विकास नहीं हुई है। प्रदेश आदिवासी बाहुल्य राज्य है परन्तु आदिवासी समुदाय एवं अन्य वर्गो को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है आदिवासियों को जल,जंगल,जमीन से वंचित किया जा रहा है प्रदेश में अपार खनिज संपदा भरा हुआ है लेकिन यहां की आम जनता, किसान, मजदूर, युवा परेशान हैं वहीं युवा अन्य प्रदेशों में रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं सरगुजा में कोई एम्स शाखा नहीं है यहां की सड़कें जर्जर है, शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था लचर है। सरगुजा संभाग में कई बड़े विधायक ,सांसद,मंत्री,जनप्रतिनिधि बने हैं लेकिन विकास से कोसों दूर है सिर्फ जनप्रतिनिधि अपना विकास किया है वहीं स्थानीय पढ़े लिखे युवाओं के लिए उद्योग कारखाना नहीं है वर्तमान में दोनों राष्ट्रीय दलों ने लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कई लुभावने घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं लेकिन आम जनता समझदार है इनके झांसे में नहीं आने वाले हैं भाजपा ने 2014 लोकसभा चुनाव में कई बड़े वादे किए थे स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया, हर गरीब को पक्का मकान देना, प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी देना, किसानों की आय दुगुनी करना, गैंस सिलेंडर 500 रुपये में देना, महंगाई कम करना, जैसे अनेक वादे किए लेकिन आज तक एक भी वादे पूरे नहीं हुए हैं। प्रदेश के संविदा कर्मियों एवं अन्य कई विभागों के कर्मचारियों की संगठन अपने जायज मांगों को लेकर हमेशा आंदोलन करते हैं। लेकिन शासन- प्रशासन नजर अंदाज कर दे दी है वहीं प्रदेश में भर्ष्टाचार, गुंडागर्दी, हत्या, जैसी घटनाएं बढ़ गई है आदिवासियों की जमीन पर गैर आदिवासी जबरजस्ती कब्जा कर रहे हैं जबकि बस्तर, सरगुजा में पांचवी अनुसूची व पेसा कानून लागू है फिर भी आदिवासियों के साथ अन्याय, शोषण जैसी घटनाएं खत्म नहीं हो रहा है वहीं गोंगपा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, एवं अन्य प्रदेशों में पूरी दमदारी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है।



# कुदरगढ़ पहाड़ रहस्यों के खजाने के साथ पुरातात्विक इतिहास को है समेटे हुए...

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिले में स्थित कुदरगढ़ केवल आस्था का ही केंद्र नही है बल्कि यह पहाड़ रहस्यों के खजाने के साथ पुरातात्विक इतिहास को भी समेटे हुए है। जहाँ सुरक्षा के साथ साथ यह जानने की भी जरूरत है कि इस पहाड़ के क्या ऐतिहासिक महत्व है।इसके लिए क्षेत्र के जागरूक लोगो ने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का ध्यानाकर्षित किया है। ये बात यूं ही हवा हवाई नही है बल्कि हाल फिलहाल में इस पहाड़ पर एक बेहद बेशकीमती व पुरातात्विक महत्व की जो मूर्ति मिली है उससे तो यही साबित हो रहा है। जिसे सहेजने ओर जांचने की जरूरत है।बताया जा रहा है कि कुदरगढ़ पहाड़ पर स्थित मां बागेश्वरी के पुराने धाम के समीप स्थित नाले में एक लक्ष्मी नारायण की आदमकद मूर्ति मिली है।इस मूर्ति के सम्बंध में जानकर जो बता रहे है उसके अनुसार उक्त मूर्ति कल्चुरी शासन काल के आखिरी दौर व करीब 13 वीं से 14 वीं शताब्दी के बीच की हो सकती है। इस मूर्ति लक्ष्मी नारायण की है जिसमे हाथी को अभिषेक करते दर्शाया गया है साथ गरूड़ जी जो लक्ष्मी जी की सवारी माना गया है वे मानव रूप में दर्शित है।गरुड़ जी लक्ष्मी नारायण को अपने हाथों में लिए हुए है।जानकारों के अनुसार मूर्ति बेहद बेशकीमती के साथ अत्यंत ऐतिहासिक महत्व की हो सकती है।बहरहाल,इस मूर्ति के मिलने की भी अपनी अलग कहानी है।



### मूर्ति मिलने की यह है कहानी

कहानी पर यकीन किया जाए तो ओड़गी ब्लॉक के ग्राम गिरजापुर के विनोद पंडो को फरवरी में स्वप्न आया कि कुदरगढ़ पहाड़ पर स्थित बालन्द किला के समीप नाले में एक मूर्ति गड़ी हुई है।स्वप्न्न की हकीकत जानने विनोद पंडो अपने अन्य साथियों के साथ कुदरगढ़ पहाड़ के उस जगह पर जा पहुँचा जहां के बारे में स्वप्न में बताया गया था।

खुदाई की तो जो मूर्ति मिली वह हैरान करने वाली है।उक्त मूर्ति को कुदरगढ़ के पुराने धाम में रख कर विधिवत पूजा अर्चना की जा रही है।

### भाजपा नेता ने किया ध्यानाकर्षित...

ओड़गी के मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के जब संज्ञान में यह बात आई तो उन्होंने इसकी जानकारी प्रशासन के लोगो को दी और उसके जांच पड़ताल की जरूरत बताई है पर अब इस ओर ध्यान नही दिया गया है।श्री तिवारी ने मूर्ति को ऐतिहासिक महत्व की बताते हुए इसे सुरक्षित रखने और इसकी मुकम्मल जांच करा कर ओर रहस्यों को जानने के लिए पुरातत्व विभाग से आग्रह किया है।

# हाथी से कुचलकर एक महिला की हुई मौत



- संवाददाता -
सूरजपुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सूरजपुर में एक महिला की हाथी से कुचलकर मौत हो गई है। महिला अपने बेटे के साथ जंगल में महुआ बीनने गई थी। महुआ बीन कर वह वापस आ रहे थे, इसी दौरान अचानक हाथी से सामना हो गया। वन विभाग ने महिला के शव को पंचनामा और पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव को सौंप दिया। वहीं परिजनों को सहायता राशि दी गई। जानकारी के अनुसार, महिला प्रभावती कुशवाहा पति रामा शंकर कुशवाहा (50 साल) अपने बेटे के साथ महुआ उठाने के लिए सुबह आठ बजे प्रतापपुर-तमोर पिंगला अभ्यारण के रेंज पिंगला जंगल में गई थी। महुआ बीनते-बीनते दोनों मां और बेटा बारह बजे अपने घर वापस जाने जंगल से निकले थे। तभी जंगल के बीट कुदरू घाट आर एफ 417 में ही लगवना नाला के पास अचानक हाथी से आमना-सामना हो गया।

महिला प्रभावती कुशवाहा अपनी जान बचाने के लिए भाग पाती उससे पहले ही हाथी अपने चपेट मे लेकर पटक दिया और सिर को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला का बेटा जंगली हाथी के द्वारा पटकते देखकर भागते हुए पास के सोनहत गांव पहुंचा। गांव पहुंचर कर बेटे ने गांव वालों और अपने घर वालों को सूचना देकर बुलाया। इसके बाद उसने रघुनाथनगर वन परिक्षेत्र के वन अधिकारी भी इसकी जानकारी दी। तमोर पिंगला अभ्यारण का मामला होने पर पिंगला परिक्षेत्र के रेंज ऑफिसर मोहन राम भगत को इसकी जानकारी दी गई। रेंज ऑफिसर मोहन राम भगत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर त्वरित कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया। वहीं तात्कालिक सहायता के रूप में 25000 रुपए महिला के पति रामा शंकर कुशवाहा को दिया।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया चैनपुर स्ट्रांग रूम एवं मतदान केन्द्र का निरीक्षण



- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए आयोज द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो इस संदर्भ में सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम चैनपुर स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण एवं जायजा लिया तथा उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन करते हुए मतदान दलों को उचित व्यवस्था कर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करने एवं स्ट्रांग रूम की आवश्यक व्यवस्था दुरुस्थ करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने चैनपुर स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 276 का मुआयना किया। इस मतदान केन्द्र में सिकटापारा, स्कूलपारा, डोंगरीपारा, नाकापारा, सड़कपारा, चिक्खुपारा तथा तलवापारा के क्षेत्र सम्मिलित है। मतदान केन्द्र में छाया एवं पानी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री मूलचंद चोपडा, लिंगराज सिदार सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

# अभ्यर्थी आज 3 बजे तक कर सकेंगे नाम वापसी

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में नाम निर्देशन पत्र की हुई स्क्रूटनी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,21 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र 01 सरगुजा हेतु सामान्य प्रेक्षक आईएएस अमित कुमार की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर विलास भोस्कर द्वारा नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष की गई। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लुण्ड्रा सुनील नायक, एआरओ सीतापुर रवि राही एवं एआरओ अंबिकापुर फागेश सिन्हा सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।





लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत तृतीय चरण के निर्वाचन में लोकसभा क्षेत्र 01 सरगुजा हेतु नामांकन के अंतिम दिन तक कुल 13 अभ्यर्थियों द्वारा 23 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद कुल 12 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से चिंतामणि महाराज, इंडयन नशनल काग्रेस से शशि सिंह कोराम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय, बहुजन समाज पार्टी से संजय कुमार, हमर राज पार्टी से अनुक प्रताप सिंह, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से श्रीमती कांता मिंज, भारत आदिवासी पार्टी से जेरोम मिंज, और निर्दलीय प्रत्याशियों में बलासियुस तिग्गा, अरविंद कच्छप, श्रीमती उर्मिला सिंह, प्रिंस अभिषेक कुजूर और रामाधार सिंह के नामांकन विधिमान्य पाए गए। वहीं बहुजन समाज पार्टी से नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी प्रकाश किस्पोट्ठ के द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रारूप ए एवं बी प्रस्तुत नहीं किए जाने नामांकन पत्र विधिमान्य नहीं पाया गया और नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया।

# एशियन चैम्पियनशिप में भारत ने परचम लहराया

» एशियन चैंपियनशिप में पूजा ने गोल्ड और गजेंद्र ने सिल्वर मेडल जीता

» जापान के टोक्यो में चल रही थी प्रतियोगिता

**भिंड,21अप्रैल 2024।** जापान के टोक्यो में पैरा कैनो एवं कयाकिंग एशियन चैंपियनशिप में भिंड की पूजा ओझा ने गोल्ड, गजेंद्र सिंह ने सिल्वर मेडल अपने नाम कर लिया। वहीं राजवीर सिंह बघेल पांचवें स्थान पर रहे। बता दें कि जापान के टोक्यो में एशियन चैंपियनशिप का 18 अप्रैल को शुभारंभ हुआ था।

इस प्रतियोगिता में भिंड जिले के गजेंद्र सिंह पुत्र यशवंत सिंह जगन्नाथपुरा रौन, राजवीर पुत्र अर्जुन सिंह चंदूपुरा और पूजा पुत्री महेश ओझा भिंड शामिल हुई हैं। इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय दल में छह महिला और आठ पुरुषों का चयन हुआ है। खिलाड़ियों के साथ मुख्य कोच मयंक ठाकुर, कोच अनिल राठी, महिला कोच नाजिश मंसूरी, फिजिकल कोच रिंकू सिंह और डा ईशा जोशी भी जापान गई हुई है।



प्रतियोगिता में शामिल होने वाले भिंड के तीनों खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में कई बार मेडल प्राप्त कर चुके हैं। खिलाड़ियों के मेडल जीतने पर भिंड कयाकिंग कैनोइंग अध्यक्ष कुलदीप सिंह कुशवाह, सचिव डॉ योगेंद्र यादव, राहुल यादव भूरे, गगन शर्मा, अनिल माझी, निश्चल यादव सहित अन्य ने बधाई दी है।

### प्रदेश से सात खिलाड़ियों का हुआ था चयन

एशियन चैंपियनशिप में भिंड से सबसे अधिक तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जबकि ग्वालियर और भोपाल से दो-दो खिलाड़ी चयनित हुए हैं। इस प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के सभी खिलाड़ी दिसंबर 2023 से भोपाल के छोटे तालाब पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।बता दें कि भिंड के गौरी सरोवर पर देश के पहले पैरा कयाकिंग कैनोइंग सेंटर की शुरुआत वाटर स्पोर्ट्स के संरक्षक राधेगोपाल यादव के मार्गदर्शन में हुई थी।

## रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन ने सीज़न की अपनी चौथी रेस जीती




**शंघाई,21अप्रैल 2024।** कई घटनाओं और ओवरटेकिंग युद्धाभ्यासों द्वारा चिह्नित एक घटनापूर्ण चीनी ग्रां प्री में मैक्स वेरस्टैपेन ने पोल पोजीशन से जीत हासिल की। उन्होंने रेस को फिनिश लाइन तक पहुंचाया, जबकि मैकलेरन के लैंडो नॉरिस और उनके रेड बुल टीम के साथी सर्जियो पेरेज़ पीछे चल रहे थे, जो इस सीज़न में टीम की पांच रेसों में से चौथी जीत थी।वेरस्टैपेन ने शंघाई इंटरनेशनल सर्किट में अधिकांश दौड़ को नियंत्रित किया, एक रणनीतिक लड़ाई के माध्यम से नेविगेट किया जिसमें एक वर्चुअल सेफ्टी कार और दो पूर्ण सेफ्टी कार हस्तक्षेप शामिल थे। सामने आ रहे नाटक के बावजूद, डच ड्राइवर ने झुंड में सबसे आगे रहकर संयम बनाए रखा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नाइजीरियाई शतरंज चैम्पियन ने 60 घंटे शतरंज खेलने का नया रिकॉर्ड बनाया

**नाईजीरिया,21अप्रैल 2024।** नाइजीरिया के शतरंज चैम्पियन और अधिवक्ता टुंडे ओनाकोया ने गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के लिए न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में 60 घंटे तक लगातार शतरंज खेला।



ओनाकोया (29 वर्ष) को बुधवार को शुरू हुए रिकॉर्ड प्रयास के जरिये पूरे अफ्रीका में बच्चों की शिक्षा के लिए 10 लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है। ओनाकाया एक बाल शिक्षा अधिवक्ता हैं, उन्होंने 58 घंटे तक शतरंज खेलने के लिए तैयारी की थी, लेकिन सुबह करीब 12:40 बजे 60 घंटे तक शतंरज खेलते रहे।इस तरह उन्होंने 56 घंटे नौ मिनट और 37 सेकंड के मौजूदा शतरंज मैराथन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो 2018 में नार्वे के हॉलवर्ड हॉग फ्लैटबो और सजुर फर्किगस्टेड ने बनाया था।

## आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते

**नयी दिल्ली,21अप्रैल 2024।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठायें और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' लिये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 147.34 का है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 113 रन है।



स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए आरोन ने कहा, ''यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे। '' इस साल के शुरू में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 34 वर्षीय आरोन ने कहा, ''अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर इस तालिका के मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते। '' उन्होंने कहा, ''अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहे और खेले नहीं। '' आरोन को आरसीबी ने 2014 में दो करोड़ रुपये में खरीदा था और फिर 2016 की नीलामी में उन्हें रिटेन किया था। सीमित ओवर के प्रारूपों में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को लगता है कि आरसीबी को मध्यक्रम में एक आक्रामक बल्लेबाज चाहिए जो कोहली के साथ साझेदारी बना सके।

फिंच ने कहा, ''कोहली ने हर जगह काफी रन जुटाये हैं। वह आधुनिक युग का महान खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह रन बना रहा है और आरसीबी फिर भी इसका फायदा नहीं उठा पा रहा है। '' उन्होंने कहा, ''उन्हें कोहली के साथ साझेदारी बनाने की जरूरत है, उन्हें ऐसा विस्फोटक मध्यक्रम खिलाड़ी चाहिए जो फॉर्म में हो। लोमरोर अंदर बाहर होता रहता है।

## कर्नाटक मिल्क फेडरेशन टी 20 विश्व कप में आयरलैंड और स्कॉटलैंड टीम की प्रायोजक होगी

**बेंगलुरु,21अप्रैल 2024।** 'नंदिनी' ब्रांड के नाम वाला कर्नाटक का डेयरी सहकारी संघ 'कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' (केएमएफ) 2024 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीम को प्रायोजित करेगा। हालांकि उसके इस कदम की आलोचना की जा रही है। केएमएफ के प्रबंध निदेशक एम के जगदीश ने रविवार को पीटीआई से कहा, ''हां, हम उनका प्रायोजन कर रहे हैं। वे मैच के दौरान हमारे ब्रांड का प्रदर्शन करेंगे। 'उन्होंने कहा कि यह कदम 'नंदिनी' को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए लिया गया है। सूचना प्रोद्योगिकी उद्योग के अनुभवी और इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी टी वी मोहनदास पाई ने इस कदम की आलोचना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''कितना शर्मनाक है। वे कर्नाटक के किसानों का पैसा विदेशी टीम के प्रायोजन पर क्यों लगा रहे हैं। इससे क्या मिलेगा? गरीब किसानों को अच्छा भुगतान करो। यह कर्नाटक के सहकारी संघ की बर्बादी है। '' इस पर जगदीश ने कहा, ''हमारा 85 प्रतिशत राजस्व किसानों को ही जाता है। हम अपने उत्पाद के प्रचार के लिए क्रिकेट टीम का प्रायोजन कर रहे हैं। हमें वैश्विक होने की जरूरत है।




## मिस्टर एंड मिसेज माही का पहला पोस्टर आया सामने, भारतीय जर्सी में दिखे राजकुमार राव और जान्हवी कपूर

राजकुमार राव और जान्हवी कपूर एक बार फिर स्क्रीन साझा करेंगे। दोनों कलाकार स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में एक साथ नजर आने वाले हैं। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के रिलीज डेट की घोषणा की थी। फिल्म का पहला पोस्टर पेश किया गया है। फिल्म के पोस्टर में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जान्हवी कपूर भारतीय जर्सी में नजर आ रहे हैं। दोनों ही भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाते हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मिली' फिल्म की अभिनेत्री फिल्म में एक क्रिकेटर की भूमिका में नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए धर्मा प्रोडक्शन' ने लिखा, यह सपनों का पीछा करने का समय है! मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई 2024! को सिनेमाघरों में'। बता दें कि फिल्म में राजकुमार राव महेंद्र' और जान्हवी महिमा' की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म सिनेमाघरों में 31 मई 2024 को रिलीज की जाएगी।जान्हवी कपूर के आगामी कार्यों की बात करें तो अभिनेत्री जूनियर एनटीआर' की फिल्म देवरा में नजर आएंगी। एक साक्षात्कार के दौरान इस फिल्म का हिस्सा होने पर उन्होंने खुशी जाहिर की थी। जान्हवी की आगामी फिल्मों में दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण की फिल्म आरसी16' और उलझ' शामिल है। राजकुमार राव श्रीकांत' और गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2' में दर्शकों के सामने प्रस्तुत होंगे।








## दीपक तिजोरी की निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक हुआ आउट,10 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अभिनेता दीपक तिजोरी की अगली निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में दीपक तिजोरी के साथ अलांकृता सहई, नताशा सूरी, कविता अरोड़ा, नाजिया हुसैन और सोनिया बिर्जे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है और फिल्म का निर्माण राजू चढ्डा और दीपक तिजोरी द्वारा किया गया है। फिल्म को पैनोरमा स्टूडियो देशभर में रिलीज करेगा। फर्स्ट लुक में सभी कलाकार समुद्र के बीच में एन्जॉय करते नजर आए हैं साथ ही बैकग्राउंड में सभी किरदारों की आवाजें आ रही थी, जिसे जानकर लग रहा है कि यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी। टिप्सी के पहले लुक ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है, जो दीपक तिजोरी द्वारा बनाई गई दुनिया की एक झलक पेश करता है। पोस्टर एक जीवंत और रंगीन सौंदर्य को दर्शाता है, जो एक ऐसी फिल्म की ओर इशारा करता है जो हास्य, नाटक और मनोरंजन को समान मात्रा में मिश्रित करती है। टिप्सी के साथ निर्देशन में दीपक तिजोरी की वापसी उनके करियर में एक महत्वपूर्ण क्षण है,जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए आकर्षक और प्रासंगिक कहानियां गढने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित करता है। अभिनय और निर्देशन दोनों में अपने काम के लिए जाने जाने वाले, तिजोरी फिल्म निर्माण में एक अद्वितीय परिप्रेक्ष्य लाते हैं, अपनी परियोजनाओं को यथार्थवाद और गहराई की भावना से भर देते हैं। टिप्सी के साथ, दीपक तिजोरी का लक्ष्य एक सिनेमाई अनुभव प्रदान करना है जो भावनात्मक स्तर पर दर्शकों के साथ जुड़ता है। एक ऐसी कहानी पेश करता है जो न केवल मनोरंजक है बल्कि विचारोत्तेजक भी है। 10 मई, 2024 को फिल्म की रिलीज निश्चित रूप से तिजोरी और उनके प्रशंसकों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगी, जो उनकी निर्देशन यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

# शोले में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर बनाई पहचान



### बड़ा हुआ तो बन गया सबसे बड़ा स्टार,बेटी और बीवी का भी है बड़ा नाम

बचपन से लेकर जवानी और अब भी 66 साल की उम्र में भी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर रहे इस बच्चे को पहचानने में आपके पसीने छूट जाएंगे। ये अकेला ऐसा एक्टर है जो बचपन में जितना पॉपुलर हुआ जवानी में भी उतना ही हिट रहा। टेलीविजन, फिल्में और अब ओटीटी में भी इस एक्टर का जलवा बरकरार है. अगर गौर से देखने के बावजूद आप इस बच्चे को पहचान नहीं पाए हैं, तो आपको बता दे की बॉलीवुड के साथ-साथ मराठी और कई दूसरी भाषाओं की फिल्मों काम किया है. अगर अभी पहचान में दिक्कत हो रही है तो हिंट के लिए आपको बता देते हैं कि बॉलीवुड की मोस्ट आईकॉनिक फिल्म शोले का ये बच्चा हिस्सा रह चुका है।

सत्ते पे सत्ता फिल्म में अमिताभ बच्चन का बिगड़ैल भाई का किरदार हो या फिर शोले में अहमद का रोल जिसे गब्बर ने बड़ी ही दरिंदगी से मौत के घाट उतार दिया था या फिर फिल्म नदिया के पार का चंदन। आप इस छोटे से बच्चे को इन कई नाम से जानते हैं। जी हां बिल्कुल ठीक समझ रहे हैं आप इस वर्सटाइल




एक्टर का नाम है सचिन पिलगांवकर। अपनी क्यूट सी स्माइल और बेहतरीन एक्टिंग के बल पर बॉलीवुड में हमेशा के लिए जगह बनाकर रखने वाले सचिन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट जितना नाम कमाया है, उतना ही कामयाबी उनको स्टार बनकर मिली है। आपको बता दें कि महज़ चार साल की उम्र में ही उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू कर लिया था. चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में सचिन ने पचास से ज्यादा फिल्में की और उनके साथ काम करने वाले स्टारों में धर्मेंद्र और संजीव कुमार जैसे स्टार शामिल थे।

सचिन ने बतौर लीड एक्टर जब काम करने की सोची तो पहली फिल्म के तौर पर उनको बालिका वधु के लिए साइन किया गया। बड़े अच्छे लगते हैं...ये गाना इसी फिल्म का है और इस फिल्म ने उस दौर में काफी कामयाबी हासिल की थी। इसके बाद अंखियों के झरोखे से, नदिया के पार, सत्ते पर सत्ता, त्रिशूल जैसी फिल्मों के जरिए सचिन घर-घर के दुलारे बन गए। बॉलीवुड ही नहीं टीवी की लाइन में जब सचिन ने डेब्यू किया तो वो काफी पॉपुलर हो गए। उन्होंने कॉमेडी सीरियल तू तू मैं मैं का डायरेक्शन किया और रीमा लागू स्टारर ये टीवी शो काफी हिट हो गया। सचिन बॉलीवुड के साथ-साथ मराठी सिनेमा में भी काफी सक्रिय रहते हैं। उनकी पत्नी सुप्रिया पिलगांवकर भी एक जानी मानी स्टार हैं और उनकी बेटी भी फिल्मों की दुनिया में काफी नाम कर रही हैं।

## बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म रत्नम का ट्रेलर रिलीज़

तमिल अभिनेता विशाल बॉक्स ऑफिस पर सूखे के दौर से गुजर रहे थे लेकिन पिछले साल मार्क एंटनी की रिलीज के साथ स्थिति बदल गई। साइंस फिक्शन कॉमेडी फिल्म समय यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है और फिल्म की सफलता के बाद, विशाल अब ग्रामीण एक्शन ड्रामा रत्नम में एक बिल्कुल अलग अवतार में दिखाई देने जा रहे हैं।रत्नम का निर्देशन फिल्म निर्माता हरि ने किया है। फिल्म के पोस्टर में विशाल को एक कटा हुआ सिर पकड़े हुए दिखाया गया है, जो वर्तमान रुझानों के अनुरूप एक हिंसक विषय का सुझाव देता है। इसके चौंकाने वाले मूल्य ने तुरंत ध्यान खींचा।अब जब फिल्म की रिलीज की तारीख 26 अप्रैल करीब आ रही है, तो निर्माताओं ने रत्नम का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें प्रिया भवानी शंकर प्रमुख महिला के रूप में हैं। दरांती की लड़ाई, पंचलाइन, क्रोधित खलनायक, एसयूवी का काफिला, एक राजनीतिक चाल और न जाने क्या-क्या! रत्नम के ट्रेलर में वह सब कुछ है जो हम एक्शन फिल्म निर्माता के साथ जोड़ते आए हैं।आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु सीमा पर सेट फिल्म के ट्रेलर में विशाल को रत्नम के रूप में पेश किया गया है, जो प्रतिशोध लेने वाला व्यक्ति है, जो प्रिया भवानी शंकर के चरित्र पर हमला करने के लिए ठगों को भेजने के बाद शक्तिशाली विरोधियों का सामना करने के लिए मजबूर होता है। अधिकांश कार्रवाई सड़क पर होती है। इन विरोधियों की पहचान और लड़की की सुरक्षा के लिए रत्नम का मकसद रहस्यमय बना हुआ है। रत्नम के 26 अप्रैल को तमिल के साथ-साथ तेलुगु में रिलीज होने के बाद इन सवालों का जवाब मिल जाएगा।हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन थीम में कार्थी और तमन्ना भाटिया स्टारर पइया की समानता है, जिसमें मुख्य किरदार एक महिला को मुख्य किरदार को पकड़ने के लिए भेजे गए गुंडों से बचाता है, जिसमें सड़क पर एक्शन भी दिखाया गया है।रत्नम में समुथिरकानी, योगी बाबू, गौतम वासुदेव मेनन, हरीश पेराडी, राजेंद्रन और मुथु कुमार जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म में देवी श्री प्रसाद की संगीत रचनाएँ हैं, जो पहले आरु, सिंगम, सिंगम 2, वेंघई और सामी स्क्वायर जैसी फिल्मों में निर्देशक हरि के साथ साझेदारी कर चुकी हैं।



# आदित्यनाथ योगी ने कांग्रेस पर लूट का लगाया आरोप

- » शराब,कोयला,गौठान और महादेव घोटाला फिर भी ठसक से लड़ रहे चुनाव
- » योगी आदित्यनाथ ने भूपेश बघेल को लपेटा
- » राजनांदगांव में योगी आदित्यनाथ की रैली
- » कांग्रेस पर जमकर बरसे यूपी के सीएम
- » संतोष पांडेय के लिए किया चुनाव प्रचार
- » कांग्रेस ने भूपेश बघेल को दिया है टिकट




**राजनांदगांव,21 अप्रैल 2024 (ए)।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस घोटाले का नाम है, कांग्रेस आतंकवाद का नाम है, कांग्रेस नक्सलवाद का नाम है। कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर, उग्रवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है। योगी ने कहा पहले फेज में 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। पूरे देश के अंदर एक ही लहर है, एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार। जो लोग जातिवाद के नाम पर और अन्य आधार पर यहां लोगों को बांटना चाहते हैं, उनको दरकिनार करिए। योगी आदित्यनाथ रविवार को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कुमरदा गांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके प्रभु श्रीरामलला का फिर से अयोध्या में आगमन हुआ है। क्या यह काम कांग्रेस के लोग कर पाते? जब भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास हुआ था तो उन्होंने इसी छत्तीसगढ़ की तरफ रुख किया क्योंकि ननिहाल नजदीक था। पहले चित्रकूट आए और फिर दंडकारण्य होते हुए पंचवटी की तरफ गए। उस समय भी उनके सामने चुनौती थी कि रावण के कुछ राक्षस इस पूरे क्षेत्र में यहां के ऋषि-मुनियों को परेशान करते थे, सभ्य समाज को प्रताड़ित करते थे उनकी सुरक्षा का दायित्व प्रभु राम ने अपने कंधे लिया। उसी का परिणाम था कि लंका के राजा रावण को भी अंततः अपने पूरे खानदान के साथ दूसरे लोक के लिए प्रस्थान करना पड़ा था।

## पीएम मोदी के कारण हुआ संभव

योगी ने कहा कि आज अगर अयोध्या में रामलला का प्रगटीकरण हुआ है, फिर से रामलला 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या आए हैं तो प्रधानमंत्री मोदी के कारण आए हैं। कांग्रेस के लोग तो कहते थे कि राम हुए ही नहीं, जब राम हुए ही नहीं तो गांधी जी क्यों कहते थे हे राम, अंत में उन्होंने कहा था रघुपति राघव राजा राम। गांधीजी के नाम पर जिन लोगों ने जीवनभर सत्ता पर काबिज रहे, वे राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा कर रहे थे। यह भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने की कांग्रेस की कुचेष्टा थी। अभी देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देशवासियों ने 10 वर्ष में बदलते हुए भारत को देखा होगा।

## कांग्रेस ने केवल लूटने का काम किया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पूरी तरह लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भाजपा की सरकारों ने, डॉ. सिंह की सरकार रही हो, चाहे वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हो, यहां के गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए, वनवासी आदिवासियों के लिए, उनके सम्मानजनक स्थान के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, अटल जी के नेतृत्व में जो योजनाएं बनाई गई थीं, कांग्रेस ने अपने 5 वर्ष के शासनकाल में उन्हें पूरी तरह समाप्त करने का प्रयास किया।

## संक्षिप्त खबर

### पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा भेजे गए जेल




**रायपुर,21 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में चर्चित शराब घोटले मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को आज ईडी ने रायपुर कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के लिए रिमांड मांगी। करीब छह घंटे चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अनिल टुटेजा को एक दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। अब पूर्व आईएएस एक दिन तक न्यायिक रिमांड पर रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ में आज से 15 जून तक रहेगी गर्मी छुट्टी



**रायपुर,21 अप्रैल 2024(ए)।** देश के ज्यादातर राज्यों में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। जिसके चलते अब लोगों को घर से बाहर निकलने से पहले भी सोचना पड़ रहा है। इसके साथ ही सरकार ने कई राज्यों में स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी भीषण गरमी की वजह से स्कूलों में गरमी छुट्टी का आदेश जारी हो गया है। 22 अप्रैल से 15 जून तक स्कूलों में गरमी की छुट्टी होगी। हालांकि ये छुट्टी सिर्फ छात्रों के लिए होगी शिक्षकों को छुट्टी नहीं मिलेगी। हालांकि शिक्षा विभाग की तरफ से जारी इस आदेश के बाद शिक्षकों में निराशा है।

### धमतरी मुठभेड़ में शामिल महिला नक्सली गिरफ्तार

**धमतरी,21 अप्रैल 2024 (ए)।** ओडिशा पुलिस ने नबरंगपुर से एक महिला नक्सली को पकड़कर धमतरी पुलिस को सौंप दिया है।



12 अप्रैल को एकवारी के जंगल हुए पुलिस मुठभेड़ में शामिल महिला नक्सली के पैर में गोली लगी थी, जिसका वह अस्पताल में इलाज करा रही थी। ओडिशा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,शनिवार की सुबह पुलिस एसओजी और सीआरपीएफ कुंदई की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी सर्च आभियान पर निकली थी, उसी दौरान पुलिस पार्टी को एकावारी में एक घायल महिला नक्सली मिली. महिला नक्सली की पहचान मैंगो नुरेटी उर्फ सिंधु (25 वर्ष) के तौर पर की गई है।

## कांग्रेसी जगह-जगह फार्म भरवा कर ठग रही,सीएम विष्णुदेव बोले-कांग्रेस को गरीबों की आह लगी

**रायपुर,21 अप्रैल 2024(ए)।** कांग्रेस सरकार ने 18 लाख गरीबों को आवास नहीं दिया। कई लोगों के मकान अधूरे के अधूरे रह गए। इसलिए कांग्रेस को गरीबों की आह लगी। जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। जबकि हमारी सरकार ने वादे के मुताबिक शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन 18 लाख गरीबों के आवास को स्वीकृति दी। क्योंकि हमारी नीति भी ठीक है, नियत भी ठीक है।



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने महासमुंद-बसना में एक विशाल जनसभा को किया सम्बोधित

उन्होंने कहा कि 10 वर्षों की मोदी सरकार, 15 वर्षों की रमन सरकार, अभी 3 महीने की हमारी सरकार की ऐसी कोई भी योजनाएं नहीं होंगी जो हर घर तक न पहुंची हो। मोदी और भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक घरों के लोगों को मिला है। सीएम साय ने प्रदेश में 46 प्रतिशत मत और 54 सीटों के साथ हुई भाजपा की बम्पर जीत के लिए जनता का विशेष आभार जताया। में जो बचे वादे हैं उनको भी सांय-सांय पूरा करने की बात कही।

## हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ विवादित पोस्ट को लेकर मचा बवाल

### सनातनी समाज ने सिविल लाइन थाने में शिकायत कर की कार्यवाही की मांग



**बिलासपुर,21 अप्रैल 2024 (ए)।** सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं पर आपत्ति जनक विवादित पोस्ट करने को लेकर हिंदू सनातनी समाज ने सिविल लाइन में शिकायत कर दोषी आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।सिविल लाइन थाने में की गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि विवादित पोस्ट किसी सूर्या कश्यप नामक व्यक्ति के सोशल अकाउंट से भेजी गई है जिसमें प्रदेश कांग्रेस सचिव का पद मेंशन है आरोपी युवक मनोहर टॉकीज के पास का बताया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि हिंदू देवी देवताओं पर लगातार की जा रही अभद्र टिप्पणी से सनातनी समाज मैं आक्रोश है इस मामले पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि फिर कोई इस तरह की गुस्ताखी की हिम्मत ना कर सके।

## रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे अमित शाह



**रायपुर,21 अप्रैल 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माना विमानतल पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से निकलकर वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा नेताओं की बैठक लेने पहुंचने वाले है। अमित शाह दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव की तैयारी की समीक्षा करेंगे। वहीं पहले चरण के चुनाव का फीडबैक भी ले रहे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की तैयारी को लेकर भी चर्चा होगी। वहीं कांकेर एनकाउंटर के बाद बस्तर में चल रहे नक्सल ऑपरेशन को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

## अशोका बिरयानी के मालिक के.के.तिवारी को पुलिस ने जेल में किया दाखिल

**रायपुर,21 अप्रैल 2024(ए)।** रायपुर में अशोका बिरयानी के मालिक कृष्णकांत तिवारी को कोर्ट में पेश किया गया। दो युवकों की मौत के मामले में केके तिवारी को किया गया पेश. कोर्ट ने केके तिवारी को 4 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेजा। रायपुर के बिरयानी में 2 कर्मचारियों की मौत के बाद पुलिस ने मामलें में अशोका बिरयानी के मालिक कृष्णकांत तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। मामलें में पुलिस ने बताया कि होटल अशोका बिरयानी में घटित घटना में थाना तेलीबांधा के अपराध क्रमांक 291/24 धारा 304,34 भादवि. के मुख्य आरोपी एवं होटल के संचालक कृष्णकांत तिवारी को गिरफतार किया गया है प्रकरण के दो अन्य आरोपी रोमिना मण्डल एवं रोहित चंद्र जो वर्तमान में जेल में निरूद्ध है जिनके रिहा होने पर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है।



## शिक्षा सचिव ने हाईकोर्ट के आदेश का नहीं किया पालन

**बिलासपुर,21 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा सचिव के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट की पूरी कार्रवाई हिंदी में हुई। पूर्व में एक जनहित याचिका डॉ. रविंद्र कुमार वर्मा की ओर से दायर की गई थी, जिसमें बताया गया था कि प्रदेश में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शालाओं को शुरू करने के लिए उनमें पूर्व से संचालित हिंदी माध्यम स्कूलों को बंद किया जा रहा है और छात्रों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने के लिए बाध्य किया जा रहा है। याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार का पक्ष सुना गया।



इसके बाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि पूर्व संचालित हिंदी माध्यम स्कूलों को बंद नहीं किया जाए। यदि आवश्यक हो तो दो पालियों में कक्षाएं लगाई जाएं। जो छात्र हिंदी माध्यम से पढ़ना चाहते हैं, उन्हें हिंदी में ही पढ़ने दिया जाए। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका लगाते हुए बताया है कि उक्त आदेश का पालन शिक्षा सचिव द्वारा नहीं किया गया है। अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित स्कूलों में हिंदी माध्यम की पढ़ाई हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद शुरू नहीं कराई गई है। हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने कहा है। उक्त याचिका हिंदी में पेश की गई थी, जिस पर पूरी सुनवाई भी हिंदी में हुई। शिक्षा सचिव को हिंदी में ही नोटिस दी गई है।

## चोरी के चेक से सीएसईबी के खाते से 3 करोड़ रूपये निकालने का प्रयास सतर्कता के चलते हुआ विफल



### एक आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

**रायपुर,21 अप्रैल 2024(ए)।** छ.ग.स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड रायपुर के खाते से सनसनीखेज ढंग से 3 करोड़ रूपये निकालने का प्रयास किया गया, मगर क्लियरेंस के दौरान संबंधित शाखा को इसकी जानकारी लग गई और भुगतान पर रोक लगा दिया गया। इस मामले की पुलिस में शिकायत के बाद एक फर्म के संचालक को गिरफ्तार किया गया है, वहीं इस कृत्य में शामिल 2 लोग फरार बताये जा रहे हैं।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)